नई सोच, नया आयाम
RNI No. CHHHIN/2009/35020

# जोहार छत्तीसगढ़

दैनिक हिन्दी

◆ वर्षः -15 ◆ अंकः 317 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्यः 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8

धरमजयगढ़, मंगलवार 12 सितंबर 2023

JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in



पेज -4 पर
राजस्व ग्राम बटवारा को लेकर ग्रामीणों का विरोध,पहुंचे ....



भाजपा ने चुनावी कार्यालय का शुभारंभ कर चुनावी बिगुल ....
पेज -8 पर

# मोदी परिवर्तन यात्रा में होंगे शामिल : 14 दिन में दो दौरे

**रायपुर।** बीजेपी मिशन 2023 को लेकर जी जान से जुट गई है। इसी के तहत भाजपा प्रदेश में परिवर्तन यात्रा निकाल रही है। 12 सितंबर को दंतेवाड़ा और 16 सितंबर को जशपुरनगर से परिवर्तन यात्रा की शुरुआत होगी।

इस क्रम में 14 सितंबर को पीएम नरेंद्र मोदी रायगढ़ पहुंचेंगे। कोड़ातराई में उनकी चुनावी सभा होगी। इसके बाद 28 सितंबर को परिवर्तन यात्रा के समापन पर बिलासपुर में पीएम की सभा होगी। दोनों सभाएं 14 दिन के अंतराल में होगी। पार्टी कार्यकर्ताओं को करीब एक लाख लोगों की भीड़ जुटाने का टारगेट दिया गया है। जिसे लेकर बीजेपी ने तैयारी शुरू कर दी है। इसी तैयारी का जायजा लेने 10 सितंबर को केंद्रीय मंत्री केन्द्रीय मंत्री और चुनाव सहप्रभारी मनसुख मंडाविया और प्रदेश सहप्रभारी नितिन नबीन रायपुर पहुंचे। परिवर्तन यात्रा और प्रधानमंत्री की आमसभा की तैयारी की समीक्षा और मार्गदर्शन के लिये रायपुर पहुंचे। इसके बाद गंतव्य के लिए रवाना हो गए।





### रायगढ़ के कोड़ातराई में पीएम की आमसभा

पीएम मोदी के कोड़ातराई आमसभा में 15 विधानसभा के लोगों को बुलाया जा रहा है। रायगढ़ भाजपा ने भी तैयारियों को लेकर बैठक ली।

बीते दिनों कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा, एसएसपी सदानंद कुमार कोड़ातराई हवाई पट्टी गए थे। बताया जा रहा है कि कोड़ातराई में 6 डोम बनाए जाएंगे। इसमें तीन ग्रीन रूम भी बनेंगे।

### निकलेगी दो परिवर्तन यात्रा

छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव को देखते हुए भारतीय जनता पार्टी प्रदेश में दो परिवर्तन यात्रा निकलेगी। भाजपा परिवर्तन यात्रा की शुरुआत 12 सितंबर को दंतेवाड़ा से करेगी। 16 सितंबर को जशपुरनगर से दूसरी परिवर्तन यात्रा निकलेगी। 12 सितंबर को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह पहली परिवर्तन यात्रा की शुरुआत करेंगे। वहीं दूसरी यात्रा की शुरुआत बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा दंतेवाड़ा से करेंगे। यात्रा के समापन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी शामिल होंगे। दंतेवाड़ा से शुरू होने वाली पहली यात्रा को मां दंतेश्वरी की पूजा-अर्चना के साथ केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह हरी झंडी दिखाएंगे। दूसरी ओर जशपुरनगर से शुरू होने वाली यात्रा को कोरवा आराध्य देवी खुड़ियारानी की पूजा-अर्चना करके भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगतप्रकाश नड्डा हरी झंडी दिखाएंगे।

## एक नजर

### कलेक्टर डॉ भूरे ने जनचौपाल में सुनी आम नागरिकों की समस्याएं



**रायपुर।** कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने आज जन चौपाल के माध्यम से जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए आम नागरिकों की समस्याएं सुनी। जनचौपाल में आज 35 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें नागरिकों ने अवैध कब्जे, योजनाओं का लाभ दिलाने संबंधी आवेदन कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत किया। कलेक्टर ने आमजनों से प्राप्त आवेदनों पर नियमानुसार त्वरित निराकरण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। जन चौपाल में बिरगांव निवासी श्री कमलेश रात्रे ने अंतर्जातीय विवाह योजना अंतर्गत सहायता राशि प्रदान कराने, कलेक्टर के समक्ष आवेदन दिया।

# मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने 9.61 करोड़ की लागत से विभिन्न विकास कार्यों का किया लोकार्पण

**मुख्यमंत्री ने नगरी-सिहावा के मुकुंदपुर में राम वन गमन पर्यटन परिपथ के निर्माण कार्यों का किया लोकार्पण**

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने नगरी-सिहावा के मुकुंदपुर में आयोजित समारोह में राम वन गमन पर्यटन परिपथ के तहत भगवान श्रीराम की भव्य मूर्ति और विभिन्न निर्माण कार्यों का लोकार्पण किया।



नगरी के मुकुंदपुर में 8 करोड़ 29 लाख रूपए की लागत से भगवान श्रीराम जी की प्रतिमा, श्री राम वाटिका, दीप स्तंभ, एलइडी ब्राडिंग, सप्तऋषि की मूर्तियां, प्रवेश द्वार, 01 कॉटेज, पार्किंग, एप्रोच रोड, पर्यटक सूचना केन्द्र, कलवर्ट निर्माण, कॉटेज निर्माण, लॉन डव्हलपमेंट, सीसीटीवी, यज्ञशाला, जनसुविधा केन्द्र, ड्रेन, विद्युतीकरण, ओव्हरहेड वॉटर टैंक, स्टेयर्स, सीढ़ी निर्माण, मॉडयूलर शॉपं, सप्तऋषि स्थल का विकास, साइनेजेस, गजीबो, बाउण्ड्रीवॉल, साइट डव्हलपमेंट, गार्ड रूम का निर्माण किया गया है। वही श्रृंगी ऋषि आश्रम सिहावा में करटेन वॉल (म्यूरल के साथ), प्रवेश द्वार, रेलिंग एवं शेड निर्माण, गजिबो, सौंदर्यीकरण, विद्युतीकरण, यज्ञशाला (पहाड़ी पर), इंटरनल प्लम्बिंग, श्रृंगी ऋषि आश्रम में स्थित हनुमान मंदिर का सौंदर्यीकरण, पाथवे का विकास, जनसुविधा केन्द्र सहित विभिन्न अधोसंरचना विकास कार्यों का लोकार्पण किया। इस अवसर पर गृहमंत्री श्री ताम्रध्वज साहू, राज्य गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष महंत रामसुंदर दास, सिहावा विधायक और मध्यक्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष डॉ लक्ष्मी ध्रुव, उपाध्यक्ष राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग की उपाध्यक्ष सुश्री राजकुमारी दीवान, श्री जितेंद्र शुक्ला, प्रबंध संचालक, छत्तीसगढ़ पर्यटन बोर्ड, कलेक्टर श्री ऋतुराज रघुवंशी, पुलिस अधीक्षक श्री प्रशांत ठाकुर स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।





# इस बार 17 दिसम्बर को होगी ग्रेट छत्तीसगढ़ रन मैराथन




**रायपुर।** हर वर्ष की तरह इस बार भी राजधानी के नवा रायपुर में 17 दिसम्बर 2023 को ग्रेट छत्तीसगढ़ रन मैराथन दौड़ का आयोजन होगा। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर भुरे ने राजधानी रायपुर में आयोजित सादे समारोह में इस मैराथन के लिए प्रतिभागियों के पंजीयन की शुरूआत की। मैराथन में चार वर्गों छह किलोमीटर, दस किलोमीटर, 21 किलोमीटर और 42 किलोमीटर में आयोजित होगी। मैराथन का आयोजन लेट्स रन संस्था द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से किया जाएगा। इस बार मैराथन छत्तीसगढ़ में मिलने वाले पक्षियों की थीम पर केन्द्रित होगी। इस मैराथन में साढ़े तीन हजार से अधिक धावकों के शामिल होने की उम्मीद है। लेट्स रन संस्था द्वारा छत्तीसगढ़ में पिछले सात सालों से लगातार ऐसी मैराथन का आयोजन उत्साह और जोश के साथ किया जा रहा है। इस बार यह मैराथन का आठवां संस्करण होगा।

संस्था लेट्स रन व्यवसायिक धावकों ही नहीं बल्कि दौड़ से जुड़े समाज के विभिन्न वर्गो के लोगों का समूह है। दौड़ से शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ्य रहने पर विश्वास करने वाले हर वर्ग और उम्र के लोग इस संस्थान से जुड़े है और वर्ष में तीन-चार ऐसी छोट-बड़ी मैराथन दौड़ों का आयोजन कराते रहते है।

# संत विनोबा भावे ने सदैव वंचितों और बेघरों के लिए क्रांति की- विश्वभूषण हरिचंदन




**रायपुर।** विनोबा सेवा संस्थान के सहयोग से संत विनोबा भावे की 129वीं जयंती समारोह के अवसर पर आयोजित भूमि अधिकार एवं भूदान पर परिचर्चा का आयोजन आज जयदेव भवन, भुवनेश्वर में किया गया । कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित छत्तीसगढ़ के राज्यपाल श्री विश्वभूषण हरिचंदन ने किया। अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि आचार्य विनोबा भावे अद्वितीय क्रांतिकारी एवं भूदान आंदोलन के महानायक थे। उनकी देशभक्ति, दृढ़ संकल्प, स्वतंत्र सोच असाधारण और अद्वितीय थी। उन्होंने सदैव वंचितों, बेघरों के लिए क्रांति की। देश को गुलामी से मुक्त कराने के लिए गांधीजी से प्रेरित होकर राष्ट्रसेवा में लग गये। आचार्य भावे जी ने वंचितों के लिए बहुत बड़ा काम किया है। राज्यपाल ने कहा कि वे गांधीजी के विचारों को फैलाने के लिए सेवा में लगे रहे और गांधीजी के आदर्शों का अक्षरशः पालन किया। आचार्य विनोबा के रूप में उन्होंने भूदान आंदोलन के माध्यम से देश के हजारों भूमिहीन लोगों को भूमि और भोजन उपलब्ध कराया। पूरे देश में पैदल यात्रा करते हुए, उन्होंने बेघरों को दान में मिली लाखों एकड़ सिंचित भूमि प्रदान करके देश से गरीबी उन्मूलन में मदद की। उनके इस कार्यों के लिए देशवासियों द्वारा उन्हें एक महान क्रांतिकारी के रूप में पूजा जाता है। राज्यपाल श्री हरिचंदन ने कहा कि क्रांति का अर्थ है जन जागरण।

# राजीव स्मृति वन में मनाया गया वन शहीद दिवस, मंत्री अकबर ने दी श्रद्धांजलि



**रायपुर।** वन, वन्यप्राणी एवं पर्यावरण की रक्षा करते हुए अपने प्राणों की आहूति देने वाले शहीद वन अधिकारियों तथा कर्मचारियों की स्मृति में 11 सितम्बर को वन शहीद दिवस मनाया जाता है।

इस तारतम्य में आज छत्तीसगढ़ शासन द्वारा राजीव स्मृति वन (ऊर्जा पार्क) रायपुर में वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के माध्यम से श्रद्धांजलि सभा का आ योजन किया गया।

इस अवसर पर वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री मोहम्मद अकबर, प्रमुख सचिव वन विभाग श्री मनोज पिंगुवा तथा प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख व्ही. श्रीनिवास राव सहित वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने शहीद वन कर्मियों का सम्मान करते हुए वन शहीद स्मारक में पुष्प चक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। साथ ही वन शहीदों को सैल्यूट करते हुए दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उल्लेखनीय है राजीव स्मृति वन रायपुर स्थित वन शहीद स्मारक में अंकित नाम में उप वनक्षेत्रपाल स्व. के. डी. साहिल, वनपाल स्व. मोतीलाल कुशवाह, वनपाल स्व. मधुसुदन पाटिल, उपवनक्षेत्रपाल स्व. वीरेन्द्र कुमार तिवारी, वनरक्षक स्व. जगदीश चंद्र मरकाम, परियोजना अधिकारी स्व. अशोक कुमार आचार्य, वनपाल स्व. मार्क ताण्डी, उपस्थित रहे।

*इस अवसर पर प्रधान मुख्य वनसंरक्षक संजय ओझा, अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक एम.टी. नंदी, शेट्टी पनावर, श्री अरूण पाण्डेय, सुनील मिश्रा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी ओ.पी. यादव तथा संगीता गुप्ता, शालिनी रैना, अमरनाथ प्रसाद, एस.पी. पैकरा और राजू आगासिमणि, राम अवतार दुबे, आलोक तिवारी सहित वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।*

# मशरुम कैंसर से लड़ेगा गुलाबी, पीला भी उगा

**रायपुर।** लक्ष्मी कुमार छत्तीसगढ़ के रंगीन मशरूम अब देश के कई राज्यों में धाक जमाने लगे हैं। दरअसल लॉकडाउन के दौरान यहां के किसानों ने मशरूम के रंग पर मेहनत की और पिंक (गुलाबी) तथा यलो (पीला) मशरूम उगाने में कामयाब हो गए। तमिलनाडू यूनिवर्सिटी की रिसर्च में पिंक मशरूम में कैंसर सेल्स से लड़ने वाले गुण भी सामने आ गए हैं। रंगीन मशरूम पैरे के बेस पर नवा रायपुर में तेंदुआ के अलावा अभनपुर, बसना, धमतरी और राजनांदगांव में पैदा किए जा रहे हैं। शहर के बड़े होटलों के अलावा अब इन्हें महाराष्ट्र में पुणे, बिहार तथा उत्तरप्रदेश के कई शहरों में भेजा जा रहा है। तमिलनाडू के सलेम शहर में पेरियार यूनिवर्सिटी ने छत्तीसगढ़ के गुलाबी और पीले मशरूम पर रिसर्च की है।




# कांग्रेस की 4 चुनावी कमेटियों का ऐलान

7 सदस्यीय कोर ग्रुप में सैलजा संयोजक, चरण दास महंत को प्रचार समिति की जिम्मेदारी

रायपुर। विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने 4 नई कमेटियों का गठन किया है। इसमें एक कोर कमेटी, दूसरी चुनाव समिति, तीसरी प्रोटोकॉल समिति और चौथी संचार कमेटी शामिल है।

रायपुर विधानसभा चुनाव 2023 के लिए कांग्रेस ने आज 4 कमेटियों का गठन किया है। इसमें पहली कोर कमेटी है। 7 सदस्यीय यह कोर कमेटी सबसे महत्वपूर्ण है। प्रदेश प्रभारी कुमारी सैलजा को इसका अध्यक्ष बनाया गया है। वहीं, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पीसीसी चीफ दीपक बैज, डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत, मंत्री ताम्रध्वज साहू और डॉ. शिव कुमार डहरिया को सदस्य बनाया गया है। दूसरी कमेटी इलेक्शन कैंपिंग कमेटी है। डॉ. चरणदास महंत की अध्यक्षता में बनी इस कमेटी में 74 लोगों को शामिल किया गया है। इसमें सीएम सहित सभी मंत्रियों के अलावा राज्यसभा सदस्यों को भी स्थान दिया गया है। विधायक और संगठन के पदाधिकारी भी इस कमेटी में रखे गए हैं। वरिष्ठ मंत्री रविंद्र चौबे की अध्यक्षता में कम्युनिकेशन कमेटी बनाई गई है। इसमें 15 नेताओं को स्थान दिया गया है। राजेश तिवारी, विनोद वर्मा और सुशील आनंद शुक्ला सहित अन्य नेता शामिल है। चौथी कमेटी प्रोटोकॉल कमेटी है। अमरजीत भगत को इसका अध्यक्ष बनाया गया है। इस कमेटी में 25 नेताओं को रखा गया है।



ALL INDIA CONGRESS COMMITTEE

K.C. VENUGOPAL, M.P.
General Secretary

Phone (O) : 011-23019320, 011-23019080
E-mail : kcvenugopal.org@gmail.com, kcvenugopal.in@gmail.com
Website : www.inc.in

24, AKBAR ROAD, NEW DELHI-110 011
11th September, 2023

PRESS RELEASE

Hon'ble Congress President has approved the proposal for the constitution of following committees for ensuing Assembly Elections in Chhattisgarh - 2023, with immediate effect.

Core Committee

1. Kumari Selja - Convener
2. Shri Bhupesh Baghel
3. Shri Deepak Baij
4. Shri T. S. Singh Deo
5. Dr. Charan Dass Mahant
6. Shri Tamardhwaj Sahu
7. Dr. Shiv Kumar Dahariya

Election Campaign Committee

1. Dr. Charan Dass Mahant - Chairperson
2. Shri Bhupesh Baghel
3. Shri T. S. Singh Deo
4. Shri Tamardhwaj Sahu
5. Shri Ravinder Choubey
6. Mohd. Akbar
7. Dr. Shiv Kumar Dahariya
8. Shri Kawasi Lakhma
9. Dr. Premsai Singh Tekam
10. Smt. Anila Bhendiya
11. Shri Jai Singh Aggarwal
12. Shri Amarjeet Bhagat
13. Shri Guru Rudra Kumar
14. Shri Mohan Markam
15. Shri Umesh Patel
16. Shri Sant Kumar Netam
17. Smt. Jyotsana Mahant
18. Shri Rajeev Shukla
19. Smt. Ranjeet Ranjan



ALL INDIA CONGRESS COMMITTEE

K.C. VENUGOPAL, M.P.
General Secretary

24, AKBAR ROAD, NEW DELHI-110 011

20. Smt. Phulo Devi Netam
21. Shri K. T. S. Tulsi
22. Shri Dhanender Sahu
23. Shri Satyanarayan Sharma
24. Shri Amitesh Shukla
25. Shri U D Minj
26. Shri Arun Vora
27. Shri Ram Kumar Yadav
28. Smt. Devti Karma
29. Shri Lakheshwar Baghel
30. Shri Kismat Lal Nand
31. Shri Kunwar Singh Nishad
32. Dr. Nand Kumar Sai
33. Smt. Chhaya Verma
34. Ms. Pushpa Devi Singh
35. Smt. Ganga Potai
36. Shri P. R. Khute
37. Shri Dhanesh Patila
38. Shri Ram Pukar Singh
39. Shri Gurmukh Singh Hora
40. Shri Vikas Upadhyay
41. Shri Rajesh Tiwari
42. Shri Paras Chopra
43. Shri Mahant Ram Sunder Dass
44. Shri Idrish Gandhi
45. Shri Ravi Ghosh
46. Shri Ramkumar Patel
47. Shri Balam Chakardhari
48. Shri Sandeep Sahu
49. Shri Ram Gidlani
50. Shri Lokesh Kannoje
51. Shri Lochan Vishkarma
52. Shri Tarun Bijaur
53. Shri Nand Kumar Sain
54. Shri Altaf Ahmed
55. Shri Malkit Singh Gaidu
56. Brig. Pradeep Yadu
57. Shri Rajender Tiwari

**चुनाव, यात्रा और सियासत - भाजपा की परिवर्तन यात्रा पर कांगेसियों ने बोला हमला**

# पीसीसी चीफ बैज ने कहा- झीरम की भूमि को नमन कर बीजेपी निकाले यात्रा, लखमा ने बताया ढोंग

रायपुर। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज, मंत्री कवासी लखमा, मंत्री मोहन मरकाम, प्रभारी सचिव सप्तगिरि शंकर उल्का और पीसीसी प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैदू जगदलपुर के लिए रवाना हो गए हैं.



सभी नेताओं ने रायपुर पुलिस लाइन हेलीपेड से जगदलपुर के लिए उड़ान भरी है. वे जगदलपुर में प्रेस कॉन्फ्रेंस करेंगे. रवानगी से पहले पीसीसी चीफ दीपक बैज समेत दोनों मंत्रियों ने भाजपा पर निशाना साधा. इसके साथ ही दीपक बैज ने बीजेपी की परिवर्तन यात्रा को लेकर कहा, भाजपा अगर बस्तर से परिवर्तन यात्रा निकाल रही तोसबसे पहले उन्हें झीरम घाटी जाना चाहिए. वहां की भूमि को नमन कर बीजेपी परिवर्तन यात्रा निकाले. पीसीसी चीफ दीपक बैज नक्सलवाद के मुद्दे पर ने कहा कि नक्सल बाद के मुद्दे पर भाजपा कन्फ्यूज्ड हैं. भाजपा के बड़े नेता अलग-अलग बयान देते हैं.

बस्तर को लेकर बैज ने कहा कि 15 साल में भाजपा की सरकार ने आदिवासियों को अजायबघर की तरह इस्तेमाल किया. चना नमक और चावल पर सीमित रखा. हमारी सरकार ने उन्हें जल जंगल जमीन का अधिकार दिया. हम गृहमंत्री से पूछेंगे, छत्तीसगढ़ में 15 साल की नाकामी और केंद्र ने जनता को क्या दिया. छत्तीसगढ़ियावाद और छत्तीसगढ़ महतारी को लेकर जारी सियासत पर दीपक बैज ने भाजपा की परिवर्तन यात्रा निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा अगर बस्तर से परिवर्तन यात्रा निकाल रही तो सबसे पहले उन्हें झीरम घाटी जाना चाहिए. वहां की भूमि को नमन कर बीजेपी परिवर्तन यात्रा निकाले. 15 साल में उन्हें छत्तीसगढ़ महतारी की याद नहीं आई. भाजपा के नेता आज छत्तीसगढ़ महतारी को याद कर रहे हैं. पीएम मोदी से भी छत्तीसगढ़ी में बुलवा रहे हैं. इसी बहाने कम से कम उन्हें छत्तीसगढ़ की याद तो आई. मंत्री मोहन मरकाम ने दौरे को लेकर कहा कि कल अमित शाह दंतेवाड़ा से परिवर्तन यात्रा की हरी झंडी दिखाएंगे.

*हम अमित शाह से कई सवाल पूछना चाहते हैं. नगरनार स्टील प्लांट को क्यों बेचा जा रहा है ? केंद्र ने बस्तर को क्या दिया ये पूछेंगे. नगरनार स्टील प्लांट एनएमडीसी सरकारी उपक्रम का है इसलिए जमीन दी गई थी. बस्तर के सपनों को ध्वस्त करने का काम कर रहे हैं. केंद्र की मोदी सरकार बस्तर के लोगों के साथ छलावा कर रही है.*

# जी 20: विश्व मंच पर बढ़ी साख, सर्वसम्मति ने साबित कर दी भारत के कूटनीतिक नेतृत्व की क्षमता

यह भारतीय कूटनीति एवं विदेश नीति की सबसे बड़ी सफलता है कि भारत की अध्यक्षता में नई दिल्ली में हुए दो दिवसीय शिखर सम्मेलन में जारी घोषणापत्र के सभी 83 बिंदुओं पर सर्वसम्मति से मुहर लग गई। रूस-यूक्रेन युद्ध के मद्देनजर साझा घोषणापत्र पर सहमति बनाना एक बड़ी चुनौती था, लेकिन भारत ने तर्क दिया कि जी-20 को यूक्रेन में जारी युद्ध का मंच न बनाया जाए, क्योंकि विकासशील देशों के समक्ष प्रमुख मुद्दा आर्थिक संकट का है।

इस तरह इसमें यूक्रेन युद्ध का जिक्र करते हुए वहां समग्र व स्थायी शांति सुनिश्चित करने की बात तो कही गई, लेकिन रूस की आलोचना नहीं की गई है। हालांकि प्रधानमंत्री ने फिर से दोहराया कि यह युद्ध का समय नहीं है। घोषणा पत्र में परमाणु हमलों, परमाणु हमले की धमकी का जिक्र करने के साथ आह्वान किया गया कि सभी देश अंतरराष्ट्रीय कानून का पालन करते हुए दूसरे देश की क्षेत्रीय अखंडता, संप्रभुता एवं अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार कानून का पालन करें, ताकि शांति व स्थिरता सुनिश्चित हो सके। असल में, अमेरिका सहित पश्चिमी देशों ने इस बार थोड़ी नरमी दिखाई है, क्योंकि उनके द्वारा हथियार दिए जाने के बावजूद यूक्रेन कुछ नहीं कर पा रहा है, जबकि रूस अब भी प्रभावी है। नई दिल्ली घोषणापत्र पर सहमति बनना




इसलिए भी अहम है कि पिछले नौ महीनों के दौरान जितनी भी जी-20 की मंत्रिस्तरीय बैठकें हुईं, उनमें साझा घोषणापत्र जारी नहीं हो पाया था। लेकिन इस घोषणा पत्र में पिछले नौ महीनों के दौरान भारत की ओर से रखे गए लगभग सभी प्रस्तावों को शामिल किया गया है, जिस पर सबने सहमति जताई है। इस सम्मेलन की एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि यह है कि भारत ने अफ्रीकी देशों के संगठन अफ्रीकी संघ को जी-20 का सदस्य बनाने की जो पहल की, उसमें भी उसे सफलता मिली। इससे भारत को अंतरराष्ट्रीय मामलों में इन देशों का समर्थन हासिल करने और वहां अपना प्रभाव बढ़ाने में मदद मिलेगी। अफ्रीकी संघ 55 देशों का समूह है, जिसकी आबादी करीब डेढ़ अरब है। यह एक बहुत बड़ा मुक्त व्यापार क्षेत्र है, जहां भारतीय उत्पादों को बाजार मिल सकता है।

वास्तव में बाली शिखर सम्मेलन में अफ्रीकी संघ के प्रेसिडेंट ने स्थायी सदस्यता की मांग उठाई थी, तो हमारे प्रधानमंत्री ने उन्हें कहा था कि हम आपसे वादा करते हैं कि अगली बार आपको इसमें शामिल किया जाएगा और इस बार अफ्रीकी संघ को जी-20 समूह में शामिल किया गया। अफ्रीकी संघ को बहुत देर से जी-20 की सदस्यता मिली है, यह दस साल पहले हो जाना चाहिए था। असल में पहले जितनी संस्थाएं बनीं, उसमें पश्चिमी देशों का वर्चस्व रहा, इसलिए अफ्रीका को बाहर रखा गया था। जी-20 में अफ्रीकी संघ को शामिल करना स्वागत योग्य कदम है। इसके अलावा, भारत ने ग्लोबल साउथ यानी एशिया, अफ्रीका और लैटिन अमेरिका के विकासशील एवं गरीब देशों के हितों का ध्यान रखने का मुद्दा उठाया, उसे भी स्वीकार किया गया। इसके पीछे असली बात यह है कि भारत और चीन के बीच इस बात की प्रतिद्वंद्विता चल रही है कि ग्लोबल साउथ का नेता कौन? भारत तो हमेशा से ग्लोबल साउथ के हितों की बात कर रहा है। गुटनिरपेक्ष आंदोलन तो भारत ने ही शुरू किया, चीन ने तो किया नहीं। हम तो विकासशील एवं गरीब देशों के पुराने समर्थक रहे हैं। चूंकि चीन के पास बहुत पैसा है, इसलिए इधर वह कर्ज देकर ग्लोबल साउथ के देशों का नेतृत्व करना चाहता है। इसके कारण चीन का प्रभाव ग्लोबल साउथ धीरे-धीरे बढ़ रहा है। लेकिन भारत ने इस सम्मेलन में ग्लोबल साउथ के हितों का मुद्दा उठाकर चीन की विस्तारवादी नीति को करारी मात देते हुए बढ़त बना ली है। इस घोषणापत्र में सिर्फ चीन को ही सख्त संदेश नहीं दिया गया है, बल्कि पाकिस्तान के लिए भी सख्त संदेश है। घोषणा पत्र में कहा गया है कि आतंकवाद को किसी भी रूप में स्वीकार नहीं किया जाएगा। आतंकवाद को अंतरराष्ट्रीय शांति एवं सुरक्षा के

**जी-20 सम्मेलन में नई दिल्ली घोषणा पत्र पर बनी सर्वसम्मति ने यह साबित कर दिया कि भारत वैश्विक कूटनीति का नेतृत्व करने में पूरी तरह से सक्षम है। अफ्रीकी संघ को जी-20 में शामिल करने और ग्लोबल साउथ के देशों के हितों का मुद्दा उठाकर भारत ने वैश्विक जगत में अपना कद ऊंचा किया है।**

लिए सबसे गंभीर खतरा बताया गया है। घोषणापत्र के अनुसार, अंतरराष्ट्रीय कानून के आधार पर एक समग्र दृष्टिकोण ही आतंकवाद का प्रभावी ढंग से मुकाबला कर सकता है। इसमें कहा गया है कि आतंकवादी समूहों को सुरक्षित आश्रय, संचालन की स्वतंत्रता, आवाजाही और रंगरूटों की भर्ती के साथ-साथ वित्तीय, भौतिक या राजनीतिक मदद रोकने के लिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग की बढ़ाने का प्रयास किया जाना चाहिए।

इसके अलावा, इस सम्मेलन में अमेरिका सहित कई देशों के साथ हमारे द्विपक्षीय समझौते हुए हैं। लेकिन सबसे महत्वपूर्ण है-भारत से पश्चिम एशिया और यूरोप को जोड़ने वाले भारत-पश्चिम एशिया-यूरोप आर्थिक गलियारा बनाए जाने की घोषणा। प्रधानमंत्री मोदी ने इस आर्थिक गलियारे की घोषणा करते हुए कहा कि इससे वैश्विक बुनियादी ढांचे, निवेश के लिए साझेदारी, आवाजही और सतत विकास को नई दिशा मिलेगी। वैश्विक ढांचे पर निवेश के लिए साझेदारी (पीजीआईआई) के जरिये ग्लोबल साउथ देशों में बुनियादी ढांचे की खाई को पाटने में बड़ी मदद मिल सकती है।

एसडी मुनि

## संपादकीय

### महिला कैदियों की बदहाली

महिला कैदियों की हालत पुरुष कैदियों से कहीं ज्यादा ज़्यादा खराब है। रिपोर्ट में बताया गया है कि 2014-19 के बीच महिला कैदियों की संख्या 11.7 फीसदी बढ़ी। लेकिन सिर्फ 18 प्रतिशत को महिलाओं के लिए बनी विशेष जेलों में जगह मिली है। आधुनिक न्याय व्यवस्था का सिद्धांत है कि सजा का मकसद अपराधियों को आत्म-ग्लानि का मौका देना और उन्हें सुधरने का पूरा अवसर उपलब्ध कराना है। बदले की भावना या क्रूरता के जरिए समाज में मिसाल कायम की सोच पुरातन या मध्य-युगीन परिपाटी है, जब तर्क एवं विवेक आधारित सभ्यता अविकसित अवस्था में थी। इसीलिए जिन देशों में आधुनिक न्याय व्यवस्था को अपनाया गया है, वहां जेलों में अधिक से अधिक मानवीय स्थिति बनाना जरूरी समझा जाता है। इस कसौटी पर भारत के अंतर्विरोध जग-जाहिर रहे हैं। सिद्धांत: अपने देश में आधुनिक न्याय व्यवस्था अपनाई गई है, लेकिन व्यवहार में हालात उलटे हैं। महिला कैदियों के बारे में आई एक नई रिपोर्ट ने इसी धारणा की पुष्टि की है। रिपोर्ट का निष्कर्ष है कि महिला कैदियों की हालत पुरुष कैदियों से कहीं ज्यादा ज़्यादा खराब है। इसमें बताया गया है कि 2014 से 2019 के बीच महिला कैदियों की संख्या 11.7 फीसदी बढ़ी। लेकिन सिर्फ 18 प्रतिशत को महिलाओं के लिए बनाई गई विशेष जेलों में जगह मिली है। 75 फीसदी महिला कैदियों को रसोई और शौचालय पुरुषों के साथ साझा करना पड़ता है। जेलों की इस खराब स्थिति की तस्वीर जस्टिस अमिताव रॉय की अध्यक्षता वाली कमेटी की रिपोर्ट में सामने आई है।

# चंद्रयान-3: अंतरिक्ष कार्यक्रम का अर्थशास्त्र और देश-दुनिया का समाजशास्त्र

चंद्रयान-3 ने विगत 23 अगस्त को चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर पहुंचकर सॉफ्ट लैंडिंग करने में सफलता प्राप्त की थी। चंद्रयान-3 इसरो का तीसरा चंद्र मिशन तो है ही, जिसकी शुरुआत विगत 14 जुलाई को हुई थी, चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव में पहुंचने वाला यह दुनिया का पहला अंतरिक्ष यान भी था।

चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग के बाद भारत का अंतरिक्ष कार्यक्रम महत्वपूर्ण मुकाम पर पहुंच चुका है और अमेरिका, रूस और चीन के बाद भारत अब दुनिया के अंतरिक्ष कार्यक्रम का प्रमुख खिलाड़ी बन गया है। हालांकि अपने यहां ही कुछ लोग अंतरिक्ष कार्यक्रम की यह कहकर आलोचना करते हैं कि भारत एक गरीब देश है, जो इस प्रकार के कार्यक्रमों का खर्च वहन नहीं कर सकता। ऐसे लोगों का कहना है कि अंतरिक्ष कार्यक्रमों पर खर्च करने के बजाय देश में गरीबों के लिए सुविधाएं मुहैया करने के लिए खर्च करना चाहिए। कुछ लोग यह भी कहते हैं कि अंतरिक्ष कार्यक्रमों पर खर्च करने के बजाय यदि अपने देश की सुरक्षा पर अधिक खर्च किया जाता, तो वह बेहतर होगा। पर समझना होगा कि चंद्रयान-3 की सफलता के बाद भारत के प्रति दुनिया के रवैये में महत्वपूर्ण बदलाव आने वाला है। वैश्विक जीडीपी रैंकिंग में भारत वर्ष 2014 में 10वें स्थान पर था, जबकि इस साल अपना देश पांचवें स्थान पर पहुंच गया है। वर्ष 2025 तक इसके चौथे स्थान पर और 2028 तक तीसरे स्थान पर पहुंचने की उम्मीद है। क्रय शक्ति



**अपने यहां चार लेन के 20 किलोमीटर सामान्य हाई-वे के निर्माण पर जितना खर्च होता है, उससे कम लागत पर इसरो ने चंद्रमा पर चंद्रयान उतार दिया है!**

क्षमता के आधार पर भारत 12 अरब डॉलर से अधिक की जीडीपी के साथ तीसरे स्थान पर पहले ही पहुंच चुका है।

दुनिया में अंतरिक्ष मिशनों की बड़ी लागत रही है, पर भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रमों का बजट दुनिया के लिए एक मिसाल है। चंद्रयान-3 की ही बात करें, तो इसका बजट मात्र 615 करोड़ रुपये (750 लाख अमेरिकी डॉलर) है। भारत का अंतरिक्ष कार्यक्रम जिस किफायत के साथ संचालित होता है, यह दुनिया को अचंभे में डालने वाला है। अंतरिक्ष कार्यक्रम चलाने वाली निजी कंपनी के स्वामी एलन मस्क ने भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम की तारीफ करते हुए कहा कि हॉलीवुड की एक विज्ञान फिल्म इंटरस्टेलर की लागत 16.5 करोड़ अमेरिकी डॉलर थी, जिसकी तुलना में भारत के चंद्रयान-3 मिशन की लागत मात्र 7.5 करोड़ अमेरिकी डॉलर ही है। अमेरिका के पहले चरण के चंद्रमा मिशन पर, जिसे अपोलो कार्यक्रमों के रूप में जाना जाता है और जो 1961 से 1972 के बीच में चला, वर्ष 1973 में 25.8 अरब डॉलर खर्च हुए थे, जो 2021 के 164 अरब डॉलरों के बराबर था। अपने यहां चार लेन के 20 किलोमीटर सामान्य हाई-वे के निर्माण पर जितना खर्च होता है, उससे कम लागत पर हमने चंद्रमा पर चंद्रयान उतार दिया है! भारत विश्व की महाशक्तियों समेत कई और देशों के अंतरिक्ष यान (उपग्रह) लॉन्च करने में सफल रहा है। इसरो ने हाल के वर्षों में अमेरिका, फ्रांस, कनाडा, इटली, सिंगापुर और इंग्लैंड सहित 20 से अधिक देशों के उपग्रह लॉन्च किए हैं। वर्ष 1993 में भारत ने पहली बार पीएसएलवी (पोलर सैटलाइट लॉन्च व्हीकल) की शुरुआत की। आज तक इसकी 58 उड़ानें हो चुकी हैं, जिनमें 55 पूर्णत: सफल, एक आंशिक सफल और दो विफल रही हैं। हर लॉन्च की कीमत उसकी धारण क्षमता के अनुसार 130 करोड़ से 200 करोड़ रुपये होती है। लेकिन दूसरे देशों के उपग्रहों को भी अंतरिक्ष में छोड़ने से इसरो की वसूली कहीं ज्यादा हो जाती है। पीएसएलवी की 37वीं उड़ान ने तो 104 उपग्रहों को एक साथ अंतरिक्ष की कक्षा में स्थापित कर इतिहास भी रचा था।

अपने यहां इसरो द्वारा उपग्रह लॉन्च करने के लिए 30 से 40 हजार डॉलर प्रति किलोग्राम भार लिए जाते हैं, जो अमेरिकी एजेंसी नासा से कहीं कम है। देश की निजी कंपनियों के अंतरिक्ष बाजार में प्रवेश से प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी तथा लागत और भी कम होगी।

## मिला जुला

**पाकिस्तान क्यों है बेचैन; जानिए पूरी कहानी**

# खत्म होने के बाद पीएम मोदी और सऊदी प्रिंस की मुलाकात

**नई दिल्ली।** सऊदी अरब के प्रधानमंत्री और क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान अल सऊद सोमवार को सुबह लगभग 11 बजे हैदराबाद हाउस में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात कर सकते हैं। मिली जानकारी के मुताबिक, प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात से पहले सऊदी अरब के प्रधानमंत्री प्रिंस का सुबह करीब 10 बजे नई दिल्ली के राष्ट्रपति भवन में औपचारिक स्वागत किया जाएगा।

हैदराबाद हाउस में प्रधान मंत्री मोदी के साथ अपनी बैठक के बाद, सऊदी क्राउन प्रिंस द्वारा दोपहर 12 बजे के आसपास उसी स्थान पर भारत-सऊदी रणनीतिक साझेदारी परिषद की पहली बैठक के मिनटों पर हस्ताक्षर करने की उम्मीद है। इसके बाद वह शाम तकरीबन साढ़े छह बजे राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात करेंगे.



**सलमान रात करीब 8.30 बजे नई दिल्ली से रवाना होंगे**

सलमान 18वें जी20 लीडर्स समिट में हिस्सा लेने के लिए शुक्रवार को दिल्ली के पालम एयरबेस पहुंचे थे। इससे पहले शनिवार को, भारत, संयुक्त राज्य अमेरिका, सऊदी अरब और यूरोपीय संघ ने एक मेगा भारत-मध्य पूर्व-यूरोप शिपिंग और रेलवे कनेक्टिविटी कॉरिडोर शुरू करने के लिए एक ऐतिहासिक समझौते की घोषणा की।

**पाकिस्तान के साथ भी सऊदी अरब के संबंध, मगर...**

वहीं, दूसरी ओर भारत और सऊदी अरब के बढ़ते संबंधों को लेकर पाकिस्तान की भी बैचेनी बढ़ सकती है। गौरतलब है, कि सऊदी अरब ने पाक में तकरीबन 25 अरब डॉलर निवेश किए हैं। जानकारी के अनुसार, पाकिस्तान संतुलन संकट से जूझ रहा है। व्यापार घाटे को चूकाने के लिए पाकिस्तान को वित्तीय सहायता की आवश्यकता है।

**सूडान की राजधानी खार्तूम में हवाई हमला**

# 40 नागरिकों की मौत, दर्जनों घायल

**सूडान** के हालात दिन प्रतिदिन बिगड़ते जा रहे हैं, देश पर नियंत्रण हासिल करने के लिए सूडान की सेना और अर्द्धसैनिक बल के बीच खुनी संघर्ष थमने का नाम नहीं ले रहा है. ऐसे में सूडान की आम जनता गृह युद्ध की आग में जल रही हैं. इसी बीच रविवार को राजधानी खार्तूम में हुए ड्रोन हमले ने पूरे देश को दहला कर रख दिया.

द गार्जियन की रिपोर्ट के अनुसार, खार्तूम के एक बाजार में हुए हवाई हमले में कम से कम 40 लोगों की मौत हो गई. इसके साथ ही स्वास्थ्यकर्मियों ने बताया कि ड्रोन हमले के कारण 36 से ज्यादा लोग गंभीर रूप से घायल हैं. घायलों को इलाज के लिये बशीर विश्वविद्यालय अस्पताल ले जाया गया है. रिपोर्ट के अनुसार, अभी यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि रविवार के ड्रोन हमले के पीछे कौन सा पक्ष शामिल है. लेकिन इस हवाई हमले के बाद इलाके में दहशत का माहौल बना हुआ है. गौरतलब है कि 5 अप्रैल से सूडान में शुरू हुए गृह युद्ध के बाद नागरिकों की मौत का यह सबसे बड़ा आंकड़ा है.



**आरएसएफ के कब्जे वाले इलाके में हुआ है हमला**

दक्षिणी खार्तूम आपातकालीन कक्ष नामक स्थानीय स्वयंसेवकों के एक समूह द्वारा साझा की गई तस्वीरों में कई महिलाएं और पुरुष घायल दिख रहे हैं और कपड़े में ढके हुए शव दिखाई दे रहे हैं. द गार्जियन ने अपनी रिपोर्ट में रॉयटर्स के हवाले से लिखा कि जिस इलाके में हवाई हमले हुए हैं, वह ख्य रूप से आरएसएफ के कब्जे में आता है.

**सूडानी सेना पर आरएसएफ ने लगाया आरोप**

रिपोर्ट के अनुसार, इस घटना के बाद आरएसएफ ने एक बयान में सूडानी सेना पर हमले का आरोप लगाया. हालाँकि सूडानी सेना ने जिम्मेदारी से इनकार करते हुए आरएसएफ को दोषी ठहराया. ब्रिगेडियर जनरल नबील अब्दुल्ला ने रॉयटर्स को बताया कि हमारा लक्ष्य केवल विभिन्न क्षेत्रों में दुश्मन के समूहों और स्टेशनों पर हमला करना है. यूएन के अगस्त के आंकड़ों के अनुसार, सेना और आरएसएफ के संघर्ष में 4,000 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है. जारी संघर्ष के बीच भारी संख्या में लोग देश छोड़ जा चुके हैं. हिंसा के कारण लगभग 71 लाख लोग घर छोड़ चुके हैं, वहां, 11 लाख लोगों ने विदेशों में शरण ली है.

# कनाडाई पीएम जस्टिन ट्रूडो का प्लेन हुआ ख़राब

**नई दिल्ली।** जी20 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने आए कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो को अभी भारत में रुकना पड़ेगा। उनके आधिकारिक प्लेन में कुछ तकनीकी दिक्कत आई है। इस वजह से वह अपने देश के लिए उड़ान नहीं भर सके। समाचार एजेंसी ANI के अनुसार, जब तक प्लेन ठीक नहीं हो जाएगा तब तक कनाडा का प्रतिनिधि मंडल भारत में ही रहेगा। जानकारी के अनुसार, प्रधानमंत्री अपने होटल से एयरपोर्ट के लिए रवाना होने वाले थे कि उससे पहले उन्हें सूचित किया गया कि उनके प्लेन में कुछ तकनीकी दिक्कतें आई हैं। अब जब तक प्लेन ठीक नहीं हो जाता या फिर और कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं हो जाती तब तक कनाडाई प्रतिनिधिमंडल भारत में ही रहेगा। वहीं इससे पहले जी20 सम्मेलन की बैठक के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ब्रिटेन और कनाडा में बढ़ती खालिस्तानी गतिविधियों का मुद्दा उठाया।



# रेलवे बोर्ड के इतिहास में पहली बार महिला चेयरमैन जया वर्मा

**नई दिल्ली।** सरकार ने बृहस्पतिवार को जया वर्मा सिन्हा को रेलवे बोर्ड की पहली महिला सीईओ एवं अध्यक्ष नियुक्त किया। वह अनिल कुमार लाहोटी की जगह लेंगी. रेलवे बोर्ड, राष्ट्रीय ट्रांसपोर्टर के लिए निर्णय लेने वाली शीर्ष संस्था है.

जया वर्मा ने रेलवे बोर्ड की सदस्य (संचालन और व्यवसाय विकास) के रूप में हाल में ओडिशा के बालासोर में हुई भीषण ट्रेन दुर्घटना के बाद जटिल सिग्नल प्रणाली के बारे में मीडिया को बताया था. इस हादसे में लगभग 300 लोगों की मौत हो गई थी. एक आदेश में कहा गया है, 'कैबिनेट की नियुक्ति समिति (एसीसी) ने जया वर्मा सिन्हा, सदस्य (संचालन और व्यवसाय विकास), को रेलवे बोर्ड की अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) के पद पर नियुक्ति को मंजूरी दे दी है.'



वह एक सितंबर या उसके बाद कार्यभार संभालेंगी और उनका कार्यकाल 31 अगस्त, 2024 तक होगा. सिन्हा एक अक्टूबर को सेवानिवृत्त होने वाली हैं, लेकिन उनका कार्यकाल समाप्त होने पर इसे पुन॰ बढ़ाया जाएगा. इलाहाबाद विश्वविद्यालय की पूर्व छात्र सिन्हा 1988 में भारतीय रेलवे यातायात सेवा में शामिल हुई और उत्तर रेलवे, दक्षिण-पूर्व रेलवे और पूर्वी रेलवे में काम किया.

**अधीर रंजन ने कहा- ... तो आसमान नहीं टूट पड़ता**

# जी20 डिनर में ममता बनर्जी का शामिल होना कांग्रेस को अखरा

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली में जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा आयोजित डिनर में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के शामिल होने के मुद्दे पर कांग्रेस और तृणमूल कांग्रेस के बीच एक बार फिर नया विवाद छिड़ गया है. कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अधीर रंजन चौधरी ने जी-20 डिनर में शामिल होने के ममता बनर्जी के फैसले पर सवाल उठाया और पूछा कि क्या इससे नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के खिलाफ उनकी स्थिति कमजोर नहीं होगी? पश्चिम बंगाल कांग्रेस अध्यक्ष चौधरी यह भी जानने के लिए उत्सुक थे कि




क्या टीएमसी सुप्रीमो के डिनर में हिस्सा लेने के पीछे कोई अन्य कारण भी था. इसके बाद टीएमसी ने अधीर रंजन चौधरी पर पलटवार करते हुए कहा कि ममता बनर्जी विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' ब्लॉक के प्रमुख समर्थकों में से एक हैं. प्रशासनिक नजरिये को ध्यान में रखते हुए प्रोटोकॉल का पालन करने के लिए उन पर कोई सवाल उठाने की जरूरत नहीं है. गौरतलब है कि कांग्रेस नेता अधीर रंजन ने कहा कि 'जबकि कई गैर-भाजपा सीएम जी-20 डिनर में शामिल होने से बचते रहे, ममता बनर्जी एक दिन पहले ही दिल्ली चलीं गईं. उन्होंने इस अवसर पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ एक ही कमरे में कार्यक्रम में हिस्सा लिया.'

# मेहनत करने की आदत बनाये रखें - मुख्य सचिव

## मुख्य सचिव ने ग्रंथालय और युवोदय अकादमी की व्यवस्थाओं की सराहना





### अध्ययनरत प्रतिभागियों से उनके तैयारियों के संबंध में चर्चाकर दी शुभकामनाएं

**जगदलपुर।** मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने रविवार की शाम को लाला जगदलपुरिया ग्रन्थालय का अवलोकन कर सभी अध्ययन करने वालों के लिए जिला प्रशासन द्वारा उपलब्ध करवाई व्यवस्थाओं की सराहना की। इस दौरान उन्होंने अध्ययनरत प्रतिभागियों से उनके तैयारियों के सम्बंध में चर्चा कर शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर नव चयनित अधिकारियों से भी मुलाकात कर उन्हें बधाई भी दिए।मुख्य सचिव ने कहा कि युवाओं से मिलने से एक उत्साह की अनुभूति होती है। उन्होंने ई-क्लास में पढ़ाई कर रहे बच्चों से संस्थान द्वारा दी सुविधाओं और उनके भविष्य के लक्ष्यों के सम्बन्ध में चर्चा किए।

इसके उपरांत परिसर में स्थित युवोदय अकादमी में अध्ययनरत विद्यार्थियों से मुलाकात किए। श्री जैन ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि मेहनत करने की आदत बनाये रखें। साथ ही जीवन में खेलकूद की गतिविधियों को शामिल कर कोई भी आउटडोर खेल एक घंटा खेले जिससे एकाग्रता बढ़ाने और समझ विकसित करने में सहायता मिलती है। साथ ही ग्रुप डिस्कशन को बढ़ावा दें। मुख्य सचिव ने युवोदय अकादमी के शिक्षकों के प्रयासों की सराहना की।

मुख्य सचिव ने बच्चों को भौतिकी के सवाल पूछे और उसे विस्तृत रूप से वर्णन भी किए। ज्ञात हो कि इस संस्था से इस वर्ष 44 बच्चों ने एनईईटी के लिए क्वालीफाई हुए हैं। इस अवसर पर कलेक्टर श्री विजय दयाराम के., वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री जितेंद्र मीणा, सीईओ जिला पंचायत श्री प्रकाश सर्वे सहित संस्थान के प्रभारी अधिकारी उपस्थित थे।

## एक नजर

### करंट की चपेट में आने से बुजुर्ग की हुई मौत

**फरसगांव।** फरसगांव ब्लाक अंतर्गत उरन्दाबेड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम कोकोड़ा जुगानार में करंट की चपेट में आने से गांव के ही 55 वर्षीय बुजुर्ग दुलार सिंह की मौत हो गई । मिली जानकारी के अनुसार मृतक गांव से अपने खेत मे स्तिथ घर जा रहा था, खेत में बिजली का खंभा गिरा हुआ था, करेंट की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई है । मृतक दुलार सिंह सलाम गांव का शीतला माता पुजारी था । उरन्दाबेड़ा पुलिस के द्वारा घटना के कारणों की जांच की जा रही है ।



### जिला एवं सत्र न्यायाधीश कार्यालय के आकस्मिकता निधि के रिक्त पदों हेतु पात्र-अपात्र की सूची जारी

14 सितम्बर तक दावा-आपत्ति

**जगदलपुर।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश कार्यालय के आकस्मिकता निधि से वेतन पाने वाले कर्मचारियों चौकीदार, वाटरमेंन एवं स्वीपर के पात्र-अपात्र एवं निरस्त आवेदन पत्रों की सूची इस कार्यालय के वेबसाईट bastar.dcourts.gov.in में अपलोड किया गया है। उक्त वेबसाईट में जाकर सूची का अवलोकन किया जा सकता है। कार्यालय द्वारा 14 सितम्बर तक दावा-आपत्ति प्रस्तुत करने की सूचना दी गई है।

### ग्रामीण डाक सेवक से शिक्षक के पद पर चयन होने पर दी गई बधाई

**कोंडागांव।** भारतीय डाक विभाग में ग्रामीण डाक सेवक के पद पर कोंडागांव में पदस्थ अजय सोडी का शिक्षक संवर्ग में चयन होने पर उन्हें डाकघर परिवार की ओर से बधाई व शुभकामनाएं दी गई उन्होंने विगत 5 वर्षों से डाकघर में अपनी सेवाएं दी। गत माह पूर्व शिक्षक भर्ती परीक्षा में उन्होंने अच्छे अंक प्राप्त कर शिक्षक परीक्षा उत्तीर्ण कर शिक्षक के रूप में नियुक्ति हुई है, इस उपलब्धि पर उप संभागीय निरीक्षक आरएस मिश्रा, सीरेंद्र देवांगन, उपडाकपाल शत्रुघन निषाद, डिकेश मिर्झा, नईम खान, अनिल दीवान सहित उप डाकघर कोंडागांव के कर्मचारियों द्वारा उनको बधाई दी गई एवं उनके कार्यकाल व कुशल व्यक्तित्व की प्रशंसा की गई।



### पति पत्नी पर गिरी घर की दीवार पत्नी की हुई मौत

**फरसगांव।** फरसगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कुल्हाड़गांव निवासी कंवल सिंह यादव और उसकी पत्नी सुकडी बाई यादव अपने घर में 9 सितम्बर की रात सोये हुए थे, इस दौरान रात लगभग 11:30 बजे घर का दीवार गिर गई, जिसकी चपेट में आने से पत्नी की मौके पर मौत हो गई, गंभीर रूप से घायल पति को बेहतर उपचार के लिए जगदलपुर हायर सेंटर रिफर किया गया । बताया जा रहा कंवल यादव अपने पुराने घर को तोड़ कर नया घर बना रहा था, रात में खाना खाने के बाद वह नये घर के कमरे में अपनी पत्नी के साथ सो रहे थे । तभी रात में अचानक पुराने घर का दीवार नए घर के दीवार में गिरा और नए घर की दीवार सो रहे पति पत्नी के ऊपर गिर गई, फरसगांव पुलिस के द्वारा जांच की जा रही है ।



### ट्रेनी सुपरवाईजर पद के लिए हुआ जॉब फेयर


**रायपुर ।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, रायपुर द्वारा आज शिक्षित बेरोजगारों के लिए रोजगार कार्यालय पुराना पुलिस मुख्यालय में जॉब फेयर आयोजित किया गया है।

विभागीय जानकारी के अनुसार प्रातः 11.00 बजे से दोपहर 03.00 बजे तक जॉब फेयर चलेगा। इसमें मारूति सुजुकी इंडिया लिमिटेड के लिए ई.डी.पी. सर्विसेस, गुरुग्राम (हरियाणा) द्वारा ट्रेनी सुपरवाईजर के 180 पदों पर, न्यूनतम 10वीं पास (50 प्रतिशत अंको के साथ उत्तीर्ण) योग्य आवेदक, जिनकी आयु 18 से 20 वर्ष के मध्य हो कि भर्ती की जा रही है।

# छत्तीसगढ़ इलेक्शन कैम्पेन कमेटी के चेयरमैन बनाए गए डॉ. चरणदास महंत

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने छग विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत को छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव 2023 के लिए छत्तीसगढ़ इलेक्शन कैम्पेन कमेटी का चेयरमैन नियुक्त किया है। उक्ताशय का पत्र एआईसीसी के महासचिव केसी वेणुगोपाल की ओर से जारी किया गया है। छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ कांग्रेस नेता व भारत सरकार ने पूर्व केन्द्रीय राज्य मंत्री सहित तीन बार के सांसद व अविभाजित मध्यप्रदेश सरकार में गृह, जेल एवं वाणिज्यकर मंत्री रहे डॉ. चरणदास महंत वर्तमान में छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष की भूमिका का निर्वहन कर रहे हैं। इसके पूर्व भी छग विधानसभा चुनाव 2018 में भी डॉ. महंत को इलेक्शन कैम्पेन कमेटी का चेयरमैन नियुक्त किया गया था। छत्तीसगढ़ प्रदेश में 2023 में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए बनाई गई इलेक्शन कैम्पेन कमेटी में डॉ. महंत के अलावा मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, उप मुख्यमंत्री, टीएस सिंहदेव, प्रदेश सरकार के वरिष्ठ मंत्री ताम्रध्वज साहू, रविन्द्र चौबे, मो. अकबर, डॉ. शिवकुमार डहरिया, कवासी लखमा, डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम, अनिला भेडिया, जयसिंह अग्रवाल, अमरजीत भगत, गुरूरूद्रकुमार, मोहन मरकाम, उमेश पटेल, संत कुमार नेताम व सांसद ज्योत्सना महंत व राज्यसभा सांसद राजीव शुक्ला, रंजीता रंजन शामिल किए गए हैं।



# नॉन फार्म गतिविधियों के लिए एकदिवसीय कार्यशाला का हुआ आयोजन

**कोण्डागांव।** शनिवार को जिला मिशन प्रबंधक के अध्यक्षता में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन ''बिहान'' अंतर्गत नॉन फार्म आजीविका गतिविधि के संबंध में जिला स्तरीय एक दिवसीय कार्यशाला का उड़ान कृषक प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड कोण्डागांव में आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में उड़ान कम्पनी के सीईओ, बीओडी सदस्य एवं एनआरएलएम के एलएच प्रभारी यंग प्रोफेशनल, समस्त विकासखण्ड के आजीविका गतिविधि करने वाले समूह सदस्य, उत्पादक समूहों के सदस्य उपस्थित हुए।

कार्यषाला में जिला मिशन प्रबंधक के द्वारा आजीविका गतिविधियों के बारे में संक्षिप्त जानकारी देते हुए गतिविधि अनुसार आय से संबंधित जानकारी दिया गया और अच्छे से कार्य करने हेतु जिले के सभी विकासखण्ड से आये स्वसहायता समूहों के दीदीयों का उत्साह वर्धन किया।

उड़ान कम्पनी के सीईओ एवं बीओडी सदस्यों के द्वारा भी समूह से आजीविका गतिविधियों के बारे बताते हुए कौन सी गतिविधियों में अधिक आय मिल सकता यह जानकारी देते हुए ग्रामीण स्तर पर समूह के माध्यम से सभी प्रकार की गतिविधियों का संचालन कर उड़ान कम्पनी से समन्वय बना कर उत्पाद सामग्री का विक्रय करने हेतु जानकारी प्रदाय करने के उपरांत अधिक आजीविका गतिविधि करने हेतु प्रोत्साहित किया गया ।

*नॉन फॉर्म अंतर्गत आजीविका गतिविधियों के बारे में यंग प्रोफेशनल के द्वारा सभी विकासखण्ड से आये स्वसहायता समूह सदस्यों को अलग-अलग गतिविधिवार जानकारी देते हुए आय-व्यय एवं राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिषन 'बिहान' मिशन से आर्थिक सहयोग के रूप में आरएफ, सीआईएफ, बैंक लिकेंज के माध्यम से समूह सदस्यों को सहयोग एवं कम ब्याज पर लोन उपलब्ध कराया जाता है जिससे ग्रामीण स्तर के महिलाओं को आजीविका गतिविधि कर रोजगार प्राप्त करते हुए अपना आर्थिक स्थिति सुधार सकें इस हेतु कार्यशाला में जानकारी दी गयी।*



# संतान प्राप्ति का दरबार सजेगा 27 सितंबर को

माँ लिंगेश्वरी के होंगे दर्शन

**फरसगांव।** माँ लिंगेश्वरी समिति के द्वारा ग्राम झाटीबन आलोर के माँ लिंगेश्वरी मंदिर परिसर में बैठक का आयोजन किया गया । बैठक के दौरान समिति ने निर्णय लिया है, की माँ लिंगेश्वरी का द्वार 27 सितम्बर दिन बुधवार 2023 को भक्तो के दर्शन के लिए खोला जायेगा ।

माँ लिंगेश्वरी धार्मिक आस्था के लिए छग प्रदेश के साथ साथ पूरे विश्व में प्रख्याति प्राप्त है कोंडागांव जिले के फरसगांव विकास खंड अंतर्गत ग्राम झाटीबन आलोर की खूबसूरत वादियों में शिवलिंग के रूप में माँ लिंगेश्वरी विराजमान है और पहाड़ों के बीच गुफा में मां लिंगेश्वरी का दरबार सजता है, प्रति वर्ष हजारों की संख्या में भक्त बस्तर के साथ साथ अलग-अलग राज्यों से अपनी अपनी मनोकामनाओ के साथ दर्शन करने आते हैं । वर्ष में एक बार खुलने वाले मंदिर की विशेषता है की यहां निःसंतान दाम्पति संतान की मनोकामना लेकर आते है और उन्हें माँ लिंगेश्वरी के आर्शीवाद से संतान की प्राप्ति होती है । मंदिर समिति की माने तो प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भक्तो की संख्या में इजाफा होगा ।



# स्वतंत्रता सेनानी वीर शहीद गेंद सिंह की स्मारक के लिए किया गया भूमिपूजन

**फरसगांव।** विकासखंड फरसगांव की अध्यात्म नगरी और माँ दंतेश्वरी की पावन धरा ग्राम बड़ेडोगर में हल्बा समाज का प्रतिनिधितत्त्व करने वाले छत्तीसगढ़ के प्रथम स्वतंत्रता सेनानी वीर शहीद गेंदसिंह स्मारक स्थापित करने के लिए तालगुडरा में माँ दंतेश्वरी की पूजा अर्चना के साथ भूमिपूजन किया गया । वीर शहीद गेंद सिंह स्मारक लगभग 30 फिट ऊंचाई 4 फिट चौडा स्मारक का मूर्ति निर्माण करवाया जाएगा । हल्बा समाज के संभाग का संचालन और अन्य आयोजन बड़ेडोंगर से किया जाता है और समाज के प्रमुख स्थान भी है, बड़ेडोंगर में स्मारक बनने से समाज के साथ साथ पूरे बस्तर वासी के लिए गर्व की बात होगी । समाज प्रमूखो का कहना है की हमारे लिए बड़ी गर्व की बात है की हमारे समाज बेटा अपनी मातृ भूमि के लिए अपना जीवन न्यैछवार कर दिया आज देश स्वतंत्रता सेनानियो के अग्रणी पंक्ति में नाम अंकित है । वर्तमान में हल्बा समाज उनको आदर्श मान कर आज भी उनके दिखाए रास्ते पूरा समाज चल रहा है । इस दौरान हल्बा 18 गढ़ महासभा, पूर्व अध्यक्ष 18 महासभा, 18 गढ़ महासभा संरक्षक, एवं सामाजिक पदाधिकारी और समाज के प्रबुद्ध जन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे ।



# जिले में अब तक 4139 पशुओं में लगाया गया रेडियम बैंड, 4019 पशुओं की हुई टैगिंग

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा के निर्देश पर पशुओं से होने वाले सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के उद्देश्य से जिले में खुले में विचरण करने वाले पशुओं के गले में रेडियम बैंड एवं टैगिंग का कार्य नियमित रूप से किया जा रहा है। जिसके तहत राष्ट्रीय, राज्य राजमार्ग एवं प्रमुख मार्ग पर पाये जाने वाले घुमन्तु पशुओं के विस्थापन हेतु पशुधन विकास विभाग रायगढ़ द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत राष्ट्रीय, राज्य राजमार्ग एवं प्रमुख मार्गो पर पाये जाने वाले घुमन्तु पशुओं को रेडियम बेल्ट एवं टैगिंग के साथ ही पशुपालकों को जागरूक भी किया जा रहा है। जिले में आज अब तक कुल 4139 पशुओं में रेडियम बैंड लगाया गया है, 4019 पशुओं में टैगिंग की गई है तथा 823 पशुओं को सड़कों से गौशाला व गौठान में विस्थापित किया गया है। पशुपालन विभाग के साथ नगर निगम के अमले द्वारा भी नियमित रूप से इस दिशा में कार्य किया जा रहा है।

उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं ने जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय, राज्य राजमार्ग एवं प्रमुख मार्गो पर पाये जाने वाले घुमन्तु पशुओं को रेडियम बेल्ट लगाने एवं टैगिंग के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसके साथ ही विभाग द्वारा पशुपालकों के व्यवहार परिवर्तन हेतु ग्रामों, वार्डों में शिविर एवं कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है, ताकि पशुपालकों को पशुओं के कारण हो रही सड़क दुर्घटनाओं से अवगत कराते हुए उन्हें पशुओं को खुले में न छोड़ने तथा घर में ही बांधकर रखने हेतु आग्रह किया जा रहा है। जिससे सड़क दुर्घटनाओं के साथ ही पशुओं को भी सुरक्षित रखा जा सके।



# संभाग स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान

प्रहरी संवाददाता

**कोण्डागांव।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक सोनी तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं स्वीप नोडल अधिकारी प्रेमप्रकाश शर्मा के निर्देशानुसार एवं संयुक्त कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी सीमा ठाकुर के मार्गदर्शन में जिले में चलाए जा रहे मतदाता जागरूकता अभियान स्वीप कार्यक्रम के तहत संभाग स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में शामिल हुए बीजापुर, दंतेवाड़ा, जगदलपुर, नारायणपुर एवं कोण्डागांव जिले के लगभग तीन सौ खिलाड़ियों के समक्ष स्वीप कार्यक्रम चलाकर पांचों जिले से आए खिलाड़ियों से अपील कर अपने परिवार एवं अपने गांव मोहल्ले के लोगों को वोटर लिस्ट मे अपना नाम शामिल कर आने वाले चुनावों में अधिक से अधिक मतदान करने के लिए जागरूक किया गया।

इस कार्यक्रम में संयोजक टी. ऐंकट राव ने संभाग के पांचों जिले से आए खिलाड़ियों को शतप्रतिशत मतदान करने का शपथ दिलाया।इस दौरान समस्त खिलाड़ियों ने अपने अपने हांथों में बैनर, पोस्टर लिए आज समय की मांग है वोट देना तो शान है, चुनाव के दिन नजदीक आए आप भी अपना वोटर कार्ड बनाए, घर-घर अलख जगाएंगे मतदाता जागरूक बनाएंगे जैसे अनेकों गगनचुंबी नारे लगाकर अधिक से अधिक मतदान करने के लिए लोगो को प्रेरित किया।

इस अवसर पर खेल अधिकारी सुधराम मरकाम, सहायक खेल अधिकारी डी एस केमरो, जिला परियोजना अधिकारी साक्षरता वेणुगोपाल राव, खेल अनुदेशक बी जॉन, जी. रामेश्वर राव, मगेन मंडावी, प्रभाकर सिंह, त्रिलोचन महंता सहित अन्य खेल अनुदेशक, शिक्षक एवं खिलाड़ी उपस्थित रहे।





# युवाओं के लिए बेहतर मौके रोजगार मेलों के साथ इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग सुविधाओं को कर रहे सुदृढ़

## जिले के औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों का 2.25 करोड़ की लागत से हो रहा कायाकल्प

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।





रोजगार मेले के माध्यम से जिले के युवाओं को स्थानीय उद्योगों में रोजगार के मौके उपलब्ध कराने के लिए जिला प्रशासन कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा के मार्गदर्शन में लगातार कार्यरत है। इसके साथ ही कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा की पहल पर जिले में इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग को बेहतर करने हेतु यहां संचालित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों का कायाकल्प किया जा रहा है। सीएसआर और डीएमएफ से करीब 2.25 करोड़ से अधिक की राशि से इन संस्थाओं में सुविधाओं को सुदृढ़ किया जा रहा है। बिल्डिंग रेनोवेशन के साथ उपकरणों व संसाधनों की व्यवस्था की जा रही है। जिससे यहां प्रवेश लेने वाले छात्रों को पढ़ाई और प्रशिक्षण के लिए बेहतर माहौल मिले और उद्योगों की आवश्यकता के अनुसार अच्छे स्किल्ड एवं वेल ट्रेंड एम्प्लॉयी तैयार किए जा सकें। कलेक्टर सिन्हा के निर्देश पर औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था पुसौर तथा महिला रायगढ़ का उन्नयन एनटीपीसी द्वारा किया जा रहा है। जिसमें आईटीआई पुसौर में लगभग 1 करोड़ 19 लाख की लागत से क्लासरूम, फर्नीचर तथा ट्रेनिंग के लिए उपकरणों की व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही यहां कैंपस के अंदर रोड, साइकिल स्टैंड को भी व्यवस्थित किया जा रहा है। इसी प्रकार आईटीआई तमनार का रेनोवेशन जेपीएल तमनार के माध्यम से लगभग 40 लाख रुपए की लागत से हो रहा है। जिसमें संस्था के भवन के जीर्णोद्धार के साथ फिटर और वेल्डर ट्रेड को अपग्रेड किया जा रहा है। इसके अलावा आवश्यक पार्किंग स्टैंड और प्लेग्राउंड एरिया तैयार कराया जा रहा है। खरसिया आईटीआई में टाटा टेक्नोलॉजी के माध्यम 6 नए ट्रेड खोले जायेंगे। इसके लिए आवश्यक इंफ्रास्ट्रक्चर उपलब्ध कराने हेतु जीपीएल तमनार के माध्यम से लगभग 25 लाख की लागत से कार्य कराया जा रहा है। इसी कड़ी में रायगढ़ आईटीआई में संचालित व्यवसायों का उन्नयन एमएसपी स्टील द्वारा लगभग 15 लाख की लागत से किया जा रहा है। साथ ही संस्था के ट्रेसम हाल का जीर्णोद्धार हेतु डीएमएफ फंड से 15 लाख की राशि स्वीकृत की गई है। जिसका कार्य पीडब्ल्यूडी द्वारा किया जा रहा है। वहीं औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था लैलूंगा हेतु आवश्यक 1 लाख की लागत के सीसीटीवी कैमरा एवं बायोमेट्रिक मशीन की भी आपूर्ति डीएमएफ फंड से जिला प्रशासन द्वारा कराया गया है।



### औद्योगिक प्रशिक्षण की गुणवत्ता होगी बेहतर

* सीएसआर और डीएमएफ से हो रहे कार्य, उद्योगों को अलग-अलग संस्थानों को संवारने की दी गई जिम्मेदारी
* रायगढ़, पुसौर, तमनार, खरसिया और लैलूंगा के आईटीआई को कर रहे अपग्रेड
* भवनों के जीर्णोद्धार के साथ उपकरणों और संसाधनों की कर रहे व्यवस्था

कलेक्टर श्री सिन्हा के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन द्वारा औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों का उद्योगों के माध्यम से उन्नयन कराकर युवाओं को अच्छी शिक्षा प्राप्त कर उनके गुणवत्ता को निखारने के क्षेत्र में कार्य किया जा रहा है। सीएसआर के तहत कंपनीज को सीधे संस्थाओं में सुविधाओं को बेहतर करने की जिम्मेदारी दी गई है। जिससे तेजी से कार्य हो रहा है। प्रशिक्षण उपरांत युवाओं को जिले में ही स्थापित औद्योगिक इकाइयों में भी रोजगार मुहैय्या कराने के क्षेत्र में रोजगार मेले के माध्यम से सार्थक प्रयास किया जा रहा है।

### रोजगार मेले से स्थानीय युवाओं को मिल रहे मौके

रायगढ़ जिले के युवाओं को अच्छे से अच्छे गुणवत्ता युक्त प्रशिक्षण के साथ-साथ उन्हें स्थानीय उद्योगों में रोजगार के अधिक से अधिक अवसर उपलब्ध करवाने के लिए नियमित रूप से रोजगार मेले लगाए जा रहे हैं। जिसमें रायगढ़ जिला में स्थापित औद्योगिक इकाइयों से वैकेंसी प्राप्त कर जिला प्रशासन द्वारा तैयार किए गए रोजगार मितान पोर्टल के माध्यम से युवाओं को ज्यादा से ज्यादा एवं सहज तरीके से रोजगार प्राप्ति का मौका प्रदान किया जा रहा है। जिसमें जिले के शैक्षणिक संस्थानों से पास आउट अभ्यर्थी लाभान्वित हो रहे हैं।

# मेनरोड किनारे लगे क्रास मेटल बेरियर को चोरी करने वाले 2 आरोपी एल, 1 अपचारी बालक को रतनपुर पुलिस ने किया गिरफ्तार

जोहार छत्तीसगढ़ - रतनपुर।



क्रास मेटल बेरियर को चोरी करने वाले 2 आरोपी रतनपुर पुलिस ने किया गिरफ्तार 9 सितंबर को प्रार्थी कीर्तिका कुमार लोनिया निवासी गॉधीनगर रतनपुर का थाना रतनपुर उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि कोटा मेनरोड भैंसाझार चौक के पास सड़क किनारे लगे क्रास मेटल बेरियर 18 नग कीमती करीबन 2,83,500 रूपये को कोई अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया है कि रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। दौरान विवेचना के मुखबीर से सूचना मिला कि उक्त घटना दिनांक को चोरी हुये सामान को कुछ अज्ञात लोग मालवाहक ऑटो में भरकर कोटा की ओर ले जा रहे हैं। मुखबीर की सूचना पर पता तलाश किया जा रहा था कि उक्त आटो ग्राम पीपरतराई के मनहरण कुर्रे का होना पता चला। जो संदेही मनहरण कुर्रे से चोरी हुए सामान के संबंध में पुछताछ किया जो अपने दोस्त शेखर कुर्रे एवं नाबालिक बालक के साथ मिलकर चोरी करना स्वीकार किया। आरोपियों तथा अपचारी बालक के मेमोरेण्डम कथन पर 18 नग क्रास मेटल बेरियर, लोहे के नट बोल्ट व परिवहन में प्रयुक्त माल वाहक ऑटो को जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया। आरोपियों तथा अपचारी बालक के विरूद्ध धारा 379, 34 भादवि का अपराध घटित करना पाये जाने से आरोपियों व अपचारी बालक को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया।

# कलेक्टर से मिलने मितानिनों की प्रबल इच्छा डॉ. सिद्दीकी ने मुलाकात की

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़ बिलाईगढ़।




कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी से जनदर्शन में जिले के मितानिनों ने बड़ी संख्या में आकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा किए गए घोषणा के अनुरूप प्रोत्साहन राशि प्रतिमाह 2200 रूपए वेतन के साथ भुगतान करने के लिए मांग रखी। बहुत से मितानिनों के कलेक्टर से मिलने की प्रबल इच्छा जाहिर कि तब कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी ने सभाकक्ष से बाहर आकर मितानिनों के साथ आकर उनसे मुलाकात की और उनके साथ फोटो खिचवाई।

# कोरबा विधानसभा में आप प्रत्याशी केलकर ने कहा जिले के चारों विधानसभा में बदलाव होगा

**कोरबा** । आम आदमी पार्टी ने 10 सीटों के लिए अपने प्रत्याशियों का ऐलान कर दिया है। कोरबा विधानसभा से इस बार पार्टी ने विशाल केलकर पर भरोसा जताया है। रविवार को तिलक भवन में आयोजित प्रेस वार्ता में विशाल केलकर ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए बताया कि जनता अपनी पीढ़ी सुधारने के लिए इस बार आम आदमी पार्टी को प्रचंड बहुमत से जीत दिला रही है। आम आदमी पार्टी की सरकार बनती है, तो दिल्ली और पंजाब की तरह छत्तीसगढ़ में भी हर महीने हर घर को 300 यूनिट बिजली मुफ्त दी जाएगी, इसके अलावा शिक्षा की गारंटी एस्वास्थ्य की गारंटी और भ्रष्टाचार मुक्त छत्तीसगढ़ की गारंटी भी आम आदमी पार्टी दे रही हैस,आम आदमी पार्टी की सरकार बनती है, तो 10 लाख बेरोजगारों की सरकारी नौकरी में भर्ती की जाएगी।

# नगर पंचायत मारो के दहोत्रा पार्षद के ऊपर अवैध कब्ज़ा के संबंध में कलेक्टर जनचौपाल में हुई शिकायत

जोहार छत्तीसगढ़ - बेमेतरा।



बेमेतरा जिले के नगर पंचायत मारो के दहोत्रा वार्ड 04 नं. प् मारो वार्ड पार्षद द्वारा शासकीय जमीन पर अवैध कब्ज़ा कर नलकूप खनन कर धान का फसल लगाया है जिसका खसरा नंबर 253 हैं । वार्ड 04 दोहत्रा खसरा नं 387 जो ग्रामवासियों बिच बस्ती में कुआँ था उसे भी मिट्टी डालकर तार घेराकर अपनी बाड़ी में शामिल कर लिया हैं । सतनामी समाज के द्वारा कराये गए नलकुल कों भी अवैध कब्ज़ा कर लिया हैं । जिसका विरोध करने पर ग्रामीण कों अपने पद का दुरपयोग करते हुवें शासकीय सुविधा से वंचित करने वह झूठे केश में फ़साने का गलत तरीका उपयोग कियां जाता हैं वह दबगई से परेशान हो रहे हैं । जिससे अपिय घटना घट सकती हैं। राज्य डेयरी उध्यामिता से भी 12.50 लाख गौ पालन के लिए लिया था वह भी शासकीय जमीन पर गौ शाला निर्माण कराया था उसे तोड़कर अपने बहनों के नाम पर प्रधानमंत्री आवास निर्माण कराया हैं इस प्रकार का आवेदन कलेक्टर जनदर्शन बेमेतरा में नगर पंचायत मारो के ग्रामीणों ने कि शिकायत।

# जनदर्शन कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी ने दिव्यांग मीना को प्रदान की अन्त्योदय राशन कार्ड

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़ बिलाईगढ़।




कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिले के नागरिकों के मांग, शिकायत आदि के आवेदन पत्र जनदर्शन में प्राप्त किए। इन आवेदनों में स्वेच्छानुदान स्वीकृत के बाद भुगतान करने, राशन कार्ड बनाने, संयुक्त राशन कार्ड से नाम हटाकर नया राशन कार्ड बनाने, दिव्यांग, परित्यक्ता और वृद्धा पेंश, ट्रायसायकल प्रदान करने, विद्युत कनेक्शन जोड़ने, वनभूमि पट्टा, जाति प्रमाण पत्र, भू-अर्जन आदि के प्रकरण शामिल है। ग्राम पंचायत पेन्ड्रावन की दिव्यांग मीना साहू का जनदर्शन के दौरान ही तत्काल अन्त्योदय राशन कार्ड बनवाकर कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी ने मीना को प्रदान की।

# राजस्व ग्राम बटवारा को लेकर ग्रामीणों का विरोध,पहुंचे तहसील कार्यालय



जोहार छत्तीसगढ़-सीतापुर।

सीतापुर जनपद क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत देवगढ़ का शासन द्वारा राजस्व ग्राम बटवारा किया जा रहा है।

इस बात को लेकर शासन द्वारा इस्तहार भी निकला गया थ। जिसे लेकर देवगढ़ पंचायत के ग्रामीण लगभग तीन सौ की संख्या में सीतापुर तहसील कार्यालय पहुंचे, और इस विभाजन का विरोध प्रदर्शन किया, साथी इस राजस्व ग्राम विभाजन पर आपत्ति जताई। ग्राम पंचायत देवगढ़ के ग्रामीण चाहते हैं कि उनके ग्राम पंचायत का राजस्व ग्राम विभाजन ना किया जाए। जिस कारण आज देवगढ़ ग्राम पंचायत के आम नागरिक काफी संख्या में सीतापुर तहसील कार्यालय पहुंचे,और तहसीलदार को ज्ञापन सौंप कर उनसे अनुरोध किया कि उनके ग्राम पंचायत देवगढ़ का राजस्व ग्राम विभाजन ना किया जाए। वहीं ग्रामीणों का कहना है कि अगर शासन उनके इच्छा विरुद्ध कार्य करती है तो वह उसका पुरजोर विरोध करेंगे, और चक्का जाम हड़ताल जैसी कार्य करने के लिए मजबूर होंगे।

# अभाविप की नवीन कार्यकारणी की हुई घोषणा, अमन बने नगर मंत्री

जोहार छत्तीसगढ़-पालीडीही।






अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद पत्थलगांव जिला जशपुर की नवीन कार्यकारणी की घोषणा की गई। इस नवीन कार्यकारणी गठन के इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में सर्व प्रथम स्वागत भाषण जिला संयोजक वीरेंद्र यादव द्वारा दिया गया उसके पश्चात जिला संगठन मंत्री रामेश्वर कश्यप के द्वारा अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के बारे में सभी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया गया। इनके उद्बोधन के पश्चात कार्यक्रम के मुख्य अतिथि व निर्वाचन अधिकारी राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ जिला कांसाबेल के जिला प्रचारक कमलेश चंद्रा ने उद्बोधन दिया और बताया कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद विश्व का सबसे बड़ा छात्र संगठन आप सभी कार्यकर्ताओं इसमें जुड़ रहे हैं ये आप सभी के लिए लिए सौभाग्य है। आप सभी भारत माता के सेवक हैं और अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से जुड़ कर आप अपने राष्ट्र के लिए सब कुछ कर सकते हैं, । इस दौरान इन्होंने पुराना कार्यकारणी को भंग की और नवीन कार्यकारणी की घोषणा की जिसमें नगरअध्यक्ष. पवन यादव, नगर उपाध्यक्ष उमा शर्मा, नगर मंत्री अमन गुप्ता,नगर सह मंत्री,आकाश टांडे, प्रिंस सिन्हा, राधिका शर्मा ,कार्यालय मंत्री,पंकज यादव,महाविद्यालय प्रमुख .दीपक सिंह,महाविद्यालय सह प्रमुख अनिकेत तिवारी,विद्यालय प्रमुख अमन शर्मा,विद्यालय सह प्रमुख अनुराग टांडे, जनजति प्रमुख,रमेश नेताम जनजाति सह प्रमुख. प्रतीक सिंह, एस एफ डी .प्रमुख अविनाश शर्मा,सह प्रमुख भास्कर शर्मा,अंशू मानिकपुरी, एस एफ एस प्रमुख .शिवांश शर्मा, एस एफ एस सह प्रमुख,पुरुषोत्तम यादव,बादल रोहिला, रुपेश यादव,सोशल मीडिया प्रमुख,सोनू यादव,सह प्रमुख. विकास कुमार,कीडा प्रमुख रोहित सहवाल,सह प्रमुख निकु शोनवानी,आकाश सक्सेना,नगर कार्यकारणी सदस्य .रमेश साहू ,कृष चौहान सोनू यादव,सूरज यादव,डमरू बारीक,टेकचंद बारीक, गौतम चौहान ये सभी कार्यकर्ता इस साल 2023.24 के कार्यकारणी में रहेंगे। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ जिला कांसाबेल के जिला प्रचारक कमलेश चंद्रा,जिला संगठन मंत्री, रामेश्वर कश्यप, जिला संयोजक वीरेन्द्र यादव ,प्रदेश कार्यकारणी सदस्य गुलशन पाण्डेय,तथा राहुल पटेल व अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स के पर्याय थे स्व. राजेंद्र अग्रवाल-चेंबर

## श्रद्धांजलि सभा में उन्हें याद कर भावुक हुए रायगढ़ वासी

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।





छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स के बैनर तले रायगढ़ में चेंबर के पर्याय बन चुके स्वर्गीय राजेंद्र अग्रवाल की श्रद्धांजलि सभा स्थानीय दादू द्वारा हॉल में संपन्न हुई। उपस्थित लोगों ने अपने जुझारू, संघर्षशील, दबंग, बेबाक, साथी स्वर्गीय राजेंद्र अग्रवाल के साथ बिताए हुए अनमोल पलों की स्मृति को याद करते हुए संस्मरण सभा के साथ साझा किये। उल्लेखनीय है कि वे विगत 30 वर्षों से रायगढ़ के व्यापार उद्योग जगत और सामाजिक सेवा के क्षेत्र में निरंतर सक्रिय थे। उन्होंने सुप्त प्रशासन व्यवस्था को नींद से जगाने के लिए तथा भ्रष्ट अधिकारियों के घर के बाहर नगाड़ा बजाने के कार्यक्रम का उद्घोष किया था जिसके बाद वे लगातार सुर्खियों में बने रहे। रायगढ़ में रेल टर्मिनल और विभिन्न यात्री गाड़ियों के स्टॉपेज के लिए उन्होंने रेल रोको आंदोलन का आगाज किया था जिसे इतना ज्यादा जन समर्थन प्राप्त हुआ कि अंततः रेलवे प्रशासन को न केवल यात्री गाड़ियों का स्टॉपेज देना पड़ा बल्कि कुछ गाड़ियां रायगढ़ से चलनी प्रारंभ हो गयी। होली मिलन और दीपावली मिलन स्वर्गीय राजेंद्र अग्रवाल के पसंदीदा कार्यक्रमों में से थे उनका कहना था कि पूरे शहर को मिलकर त्यौहार मनाना चाहिए इससे न केवल आपस में सामंजस्य और संपर्क बढ़ता है बल्कि नए-नए विचारों का आदान.प्रदान भी होता है। कोरोना काल में वृहद स्तर पर मास्क बांटना और पुलिस विभाग को भी मास्क उपलब्ध कराना हो या चक्रधर समारोह में आए हुए सभी कलाकारों का शॉल श्रीफल से सम्मान करना हो वे हर शासकीय कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते थे। व्यापारियों की सुविधा के लिए नापतोल विभाग, गुमास्ता लाइसेंस, फूड लाइसेंस, ड्राइविंग लाइसेंस आदि के कैंप लगवाना जिले में होने वाली लोक अदालतों में दी जाने वाली भूमिका को अदा करना स्थानीय अस्पतालों में इलाज करा रहे लोगों का समस्याओं को प्रशासन तक पहुंचाना या फिर लाइफलाइन एक्सप्रेस जैसी स्वास्थ्य सुविधा युक्त ट्रेन के कार्यक्रम में चेंबर की सक्रिय भागीदारी को सुनिश्चित करना उनके कार्यकाल में जन उपयोगी कार्यक्रमों की एक लंबी फेहरिस्त है। आज के कार्यक्रम में सुगन चंद फरमानिया, प्रोफेसर अंबिका वर्मा डॉ राजू अग्रवाल,मुकेश कलानोरिया सुनील रामदास अग्रवाल, मुकेश मित्तल खरसिया,राजेश अग्रवाल, प्रदेश उपाध्यक्ष चेंबर सुशील रामदास अग्रवाल, बाबूलाल अग्रवाल अध्यक्ष आयकर प्रैक्टिशनर एसोसिएशन, हीरा मोटवानी,अनिल गर्ग, प्रदेश मंत्री शक्ति अग्रवाल,भाई महावीर अग्रवाल,दीपक डोरा ने पुष्पांजलि अर्पित करते हुए सभा को अपने संस्मरण साझा किये। सभा में बड़ी संख्या में चेंबर सदस्य गणमान्य नागरिक पत्रकार एवं व्यापारी गण विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता तथा उनके परिवार के सभी सदस्य उपस्थित थे अंत में उनके जेष्ठ पुत्र जय अग्रवाल ने श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित लोगों के प्रति आभार प्रकट किया। तत्पश्चात स्वर्गीय राजेंद्र अग्रवाल प्रति लोगों ने दो मिनट का मौन धारण कर उन्हें अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उल्लेखनीय है कि आगामी 13 सितंबर दिन बुधवार सायं 4 बजे पगड़ी रस्म उनके निवास स्थान कबीर चौक रायगढ़ पर आयोजित की गई है।

## अक्षय कुमार की वेलकम टू द जंगल का टीजर जारी




अक्षय कुमार के फैंस को जिस बात का इंतजार था, आखिर वह घड़ी सामने आ गई। उनके जन्मदिन के मौके पर उनकी मोस्ट अवेटेड कॉमेडी फ्रेंचाइजी फिल्म वेलकम 3 का टीजर रिलीज कर दिया गया। वेलकम बॉलीवुड की टॉप कॉमेडी फिल्मों में से एक मानी जाती है, जिसके पहले दो पार्ट्स अब तक हिट रहे हैं। मेकर्स तीसरे इन्सटॉलमेंट से ठहाकों का वही डोज वापस लेकर आए हैं।

वेलकम 3 का ऑफिशियल टाइटल वेलकम टू द जंगल है। इस मल्टीस्टारर मूवी में अक्षय कुमार के अलावा दिशा पाटनी, जैकलीन फर्नांडीज, परेश रावल, सुनील शेट्टी, जॉनी लीवर, कृष्णा अभिषेक, कीकू शारदा जैसे दिग्गजों की एक्टिंग देखने को मिलेगी।



## खतरों के खिलाड़ी 13 ने मेरे अंदर डर का आकलन करने में मदद की : डेजी शाह

खतरों के खिलाड़ी 13 में टीम्स वीक के दौरान दोबारा प्रवेश करने के बाद दूसरी बार एलिमिनेशन का सामना करने वाली एक्ट्रेस डेजी शाह ने कहा कि इस पूरे सफर के दौरान, उन्होंने अपने स्वभाव के बारे में जरुरी बातें नोटिस की है, और सीखा है कि अपनी मानसिक शांति को कैसे बरकरार रखा जाए। डेजी की जर्नी शो में एक रोमांचक हेलीकॉप्टर चैलेंज के साथ शुरू हुई। उन्होंने पहले हफ्ते में अरिजीत और ऐश्वर्या से बेहतर प्रदर्शन करते हुए शो में एलिमिनेशन के खतरे से छुटकारा पा लिया। वह एक क्रेन पर चढ़ी और उन स्थानों पर लगे हुए झंडों को इकट्ठा किया, जो उनके बैलेंस को चैलेंज करते है और चक्कर पैदा करते थे। उन्होंने बार-बार यह साबित किया कि शो में उनकी किस्मत ने कभी भी साथ नहीं दिया, बल्कि उनके डर से बड़ा होने का दृढ़ संकल्प था।

अपने पहले एलिमिनेशन के बाद उन्होंने शो के टीम्स वीक में दोबारा प्रवेश किया और अपनी दूसरी पारी में सफल होने के बाद ही अरिजीत तनेजा द्वारा एलिमिनेशन के लिए नामांकित किया गया। जल्दी बाहर होने के बावजूद, शो में उनका समय प्रेरणादायक था, और उन्होंने प्रतियोगियों शिव ठाकरे और अंजुम फकीह के साथ बहुत अच्छी दोस्ती कर ली। शो के बारे में बात करते हुए डेज़ी ने कहा, खतरों के खिलाड़ी 13 के अविश्वसनीय अनुभव के लिए मेरे दिल में केवल आभार है, जिससे मुझे आत्म-खोज हुई। इस शो ने मुझे अपने डर का आकलन करने और उन पर मेरी प्रतिक्रिया जानने में मदद की है। इस पूरे सफर के दौरान, मैंने अपने स्वभाव के बारे में बहुमूल्य अंतर्दृष्टि प्राप्त की है और सीखा है कि अपनी मानसिक शांति को कैसे बरकरार रखा जाए। मैं उन सभी दर्शकों और मेरे साथी प्रतिभागियों को हार्दिक धन्यवाद देती हूं जो मेरे साथ खड़े रहे, जब मैंने अपनी सीमाएं लांघी तो मुझे प्रोत्साहित किया।

## दुबई सफारी में नेहा मलिक ने पिंक गाउन पहन करवाया ग्लैमरस फोटोशूट, हॉटनेस देख फैंस हुए मदहोश

एक्ट्रेस नेहा मलिक हमेशा अपनी बोल्ड और हॉट लुक्स में तस्वीरें शेयर कर इंटरनेट का पारा बढ़ा देती हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट करती हैं तो वो चंद ही मिनटों में वायरल होने लग जाती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट दुबई सफारी फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं, जिसमें वो काफी खूबसूरत नजर आ रही हैं।

एक्ट्रेस नेहा मलिक इन दिनों दुबई में अपना वेकेशन एन्जॉय कर रही हैं। वहीं से उन्होंने अपने लेटेस्ट फोटोशूट फैंस के बीच शेयर किया है। इन तस्वीरों में उनका ग्लैमरस अवतार देखकर फैंस एक बार फिर से अपने होश खो बैठे हैं। हाल ही में एक्ट्रेस नेहा मलिक ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरों से सोशल मीडिया पर बवाल मचा दिया है। इन तस्वीरों में नेहा मलिक ने पिंक कलर का गउन पहना हुआ है, जिसमें वो काफी गॉर्जियस लग रही हैं। ओपन हेयर और मिनिमल मेकअप कर के एक्ट्रेस ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। नेहा मलिक अपनी इन फोटोज में कैमरे के सामने सिजलिंग अंदाज में पोज देते हुए जमीन पर बैठकर फोटोशूट करवा रही हैं। बता दें कि एक्ट्रेस जब भी इंस्टाग्राम पर अपनी तस्वीरें शेयर करती हैं तो फैंस हमेशा लाइक्स और कॉमेंट्स करते हुए नहीं थकते हैं। नेहा मलिक सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर एक्ट्रेस की फैन फॉलोइंग लिस्ट काफी तगड़ी है।



## फिर पटरी पर आने की तैयारी में इंशाल्लाह, सलमान के साथ आलिया

सलमान खान के पास में इन दिनों सिर्फ एक ही फिल्म टाइगर-3 है, जो इस दीपावली पर प्रदर्शित होने जा रही है। आगामी वर्ष की ईद पर उन्होंने कोई फिल्म घोषित नहीं की है। लेकिन अब समाचार आ रहे हैं कि सलमान खान जल्द ही दो ऐसे निर्माताओं के साथ वर्षों बाद काम करने जा रहे हैं, जिनके साथ उन्होंने एक समय पर ब्लॉकबस्टर फिल्में दी हैं। यह निर्माता निर्देशक हैं करण जौहर और संजय लीला भंसाली। पिछले दिनों समाचार आए थे कि सलमान खान करण जौहर द्वारा निर्मित और विष्णुवर्धन द्वारा निर्देशित एक एक्शन फिल्म की शूटिंग जल्द शुरू करेंगे। इस फिल्म की स्क्रिप्ट को लॉक कर दिया गया है। अब समाचार आ रहे हैं कि सलमान खान संजय लीला भंसाली के साथ भी काम करने जा रहे हैं। सलमान और भंसाली की कुछ वक्त से फिल्म को लेकर बातचीत चल रही थी, जो निर्णय पर पहुँच चुकी है और यह दोनो सितारे 4 साल पूर्व ईद के मौके पर प्रदर्शित होने वाली फिल्म इंशाल्लाह, जो अभिनेता निर्देशक के बीच क्रिएटिव डिफ्रेंस के कारण बंद हो गई थी, को फिर से शुरू करने जा रहे हैं। बता दें कि कुछ समय पहले संजय लीला भंसाली ने ऐलान किया था कि वह सलमान खान के साथ फिल्म इंशाल्लाह में एकजुट होंगे।



## शाहरुख खान की जवान दूसरे ही दिन 100 करोड़ के क्लब में शामिल

शाहरुख खान की फिल्म जवान का जादू सिनेमाघरों में देखने को मिल रहा है। सोशल मीडिया पर सिनेमाघरों के कई वीडियो आए हैं, जिनमें दर्शक झूमते-नाचते दिख रहे हैं।यही आंकड़े बॉक्स ऑफिस की कमाई में भी नजर आ रहे हैं। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर शानदार कमाई कर रही है।जवान पहले दिन सबसे ज्यादा कमाई करने वाली हिंदी फिल्म बन गई थी। दूसरे दिन भी फिल्म ने शानदार कमाई की और 100 करोड़ के क्लब में शामिल हो गई। रिपोर्ट के मुताबिक, जवान फिल्म ने रिलीज के दूसरे दिन करीब 53 करोड़ रुपये कमाए हैं। इनमें से 47 करोड़ रुपये अकेले हिंदी संस्करण के हैं।पहले दिन फिल्म ने करीब 74 करोड़ रुपये की कमाई की थी, जिसमें से हिंदी संस्करण ने 65 करोड़ रुपये कमाए थे। इसके साथ ही भारतीय बॉक्स ऑफिस पर फिल्म की कमाई करीब 127 करोड़ रुपये पहुंच गई है।




## आमिर खान और किरण राव की लापता लेडीज का टीजर जारी

अभिनेता आमिर खान की पूर्व पत्नी किरण राव ने साल 2011 में फिल्म धोबी घाट का निर्देशन किया था। इस फिल्म में आमिर ने भी निर्माता के रुप में काम किया था। किरण अब, लगभग 10 साल से ज्यादा समय के बाद फिर से बड़े पर्दे पर वापसी करने जा रही हैं। हाल ही में, किरण के निर्देशन में बनी कॉमेडी-ड्रामा फिल्म लापता लेडीज का टीजर जारी किया गया है। इस फिल्म में आमिर फिर से निर्माता की तरह काम कर रहे हैं। इसके साथ ही यह भी बताया गया है कि फिल्म कब रिलीज होगी। किरण राव और आमिर खान की फिल्म लापता लेडीज का टीजर आज यानी 8 सितंबर को उनके सोशल मीडिया हैंडल पर रिलीज कर दिया गया है। टीजर में जो दो नई दुल्हनों की कहानी देखने को मिलती है, जो ट्रेन यात्रा के दौरान खो जाती हैं। इसके बाद उनके पति पुलिस स्टेशन में जाकर उनके लापता होने की रिपोर्ट दर्ज करवाते हैं। पुलिस वाले बने एक्टर रवि किशन जब उनसे उनकी पत्नी की फोटो मांगते हैं, तो वो उन्हें शादी वाली फोटो देते हैं। जिसे देख एक्टर चौंक जाते हैं, क्योंकि उसमें लड़की घूंघट में होती है और उसका चेहरा दिखाई नहीं देता। अब देखना ये होगा कि दुल्हन मिलती है या नहीं। फिल्म लापता लेडीज में नितांशी गोयल, प्रतिभा रांटा, स्पर्श श्रीवास्तव, छाया कदम और रवि किशन जैसे कई कलाकार मुख्य भूमिका में दिखाई देने वाले हैं।




# खेल




## इंग्लैंड ने न्यूजीलैंड को 79 रन से हराया

### सेंचुरी चूके लिविंगस्टोन रहे प्लेयर ऑफ द मैच; वनडे सीरीज 1-1 से बराबर

इंग्लैंड ने न्यूजीलैंड को दूसरे वनडे में 79 रन से हरा दिया। साउथैम्प्टन के रोज बाउल मैदान पर न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर बॉलिंग चुनी। बारिश के कारण 34-34 ओवर के मैच में इंग्लैंड ने पहली पारी में 7 विकेट पर 226 रन बनाए। जवाब में न्यूजीलैंड टीम 26.5 ओवर में 147 रन बनाकर ही ऑल आउट हो गई। इंग्लैंड से 78 बॉल पर 95 रन की नॉट आउट पारी खेलने वाले लियाम लिविंगस्टोन प्लेयर ऑफ द मैच रहे। उन्होंने ही सैम करन के साथ सेंचुरी पार्टनरशिप कर इंग्लैंड को 200 रन के पार पहुंचाया था।

#### इंग्लैंड की खराब शुरुआत, 28 रन पर 4 विकेट गंवाए

टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी इंग्लैंड टीम की शुरुआत खराब रही। टीम ने 8 रन के स्कोर पर ही 3 विकेट गंवा दिए। जॉनी बेयरस्टो 6 और बेन स्टोक्स एक रन बनाकर आउट हुए, वहीं जो रूट तो खाता भी नहीं खोल सके। तीनों विकेट लम्बे समय बाद वापसी कर रहे लेफ्ट आर्म पेसर ट्रेंट बोल्ट ने लिए। 28 रन के स्कोर पर हैरी ब्रूक भी 2 रन बनाकर मैट हेनरी का शिकार हो गए।

#### करन-लिविंगस्टोन की सेंचुरी पार्टनरशिप ने 200 के पार पहुंचाया

नंबर-5 पर बैटिंग करने उतरे कप्तान जोस बटलर ने तेजी से 30 रन बनाए, लेकिन वह भी मिचेल सैंटनर की गेंद पर बोल्ड हो गए। उनके बाद मोईन अली और लियाम लिविंगस्टोन ने 48 रन की पार्टनरशिप कर टीम को संभाला ही था कि मोईन भी 33 रन बनाकर टिम साउदी का शिकार हो गए। मोईन के बाद उतरे सैम करन ने तेजी से 35 बॉल पर 42 रन बनाए। उन्होंने लिविंगस्टोन के साथ 112 रन की पार्टनरशिप भी की और टीम का स्कोर 200 रन के पार पहुंचा दिया।



**रीस टॉप्ले**
3 विकेट | 27 रन | 7 ओवर | 3.85 इकोनॉमी

#### लिविंगस्टोन 95 पर नॉट आउट रहे

सैम करन 42 रन बनाकर आउट हुए। उनके बाद डेविड विली ने 2 गेंद पर 7 रन बनाए। उनके साथ लिविंगस्टोन भी 78 गेंद पर 95 रन बनाकर नॉट आउट रहे। टीम ने 34 ओवर में 7 विकेट पर 226 रन बनाए और इंग्लैंड को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया।

#### न्यूजीलैंड की शुरुआत भी खराब रही

34 ओवर में 227 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड टीम की शुरुआत भी खराब रही। टीम ने पहले ही ओवर में फिन एलन का विकेट गंवा दिया। फिन अपना खाता भी नहीं खोल सके।

## वनडे वर्ल्ड कप के लिए न्यूजीलैंड टीम का ऐलान


### चोट से वापसी कर रहे केन विलियमसन होंगे कप्तान, पेसर काइल जैमिसन बाहर

वनडे वर्ल्ड कप के लिए न्यूजीलैंड टीम का ऐलान कर दिया गया है। न्यूजीलैंड ने सोमवार को अगले महीने शुरू होने वाले वनडे वर्ल्ड कप के लिए 15 खिलाड़ियों को चुन लिया है। टीम की कप्तानी चोट से वापसी कर रहे केन विलियमसन के पास रहेगी।

भारत में खेले जाने वाले वनडे वर्ल्ड कप की शुरुआत 5 अक्टूबर से हो रही है। पिछेल बार की रनर-अप न्यूजीलैंड टीम का पहला मुकाबला 5 अक्टूबर को अहमदाबाद में डिफेंडिंग चैंपियन इंग्लैंड से होगा।

#### वर्ल्ड कप के लिए न्यूजीलैंड टीम

केन विलियमसन (कप्तान), ट्रेंट बोल्ट, मार्क चैपमैन, डेवोन कॉनवे, लॉकी फर्ग्यूसन, मैट हेनरी, टॉम लैथम (उपकप्तान, विकेटकीपर), डेरिल मिशेल, जिमी नीशम, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रवींद्र, मिशेल सेंटनर, ईश सोढ़ी, टिम साउदी और विल यंग।



#### विलियमसन ने अप्रैल में कराई थी सर्जरी

IPL 2023 के पहले मुकाबले (31 मार्च 2023) में चेन्नई सुपर किंग्स (CSK) के खिलाफ बाउंड्री लाइन पर कैच लेने की कोशिश में विलियमसन चोटिल हो गए थे। उनके दाएं घुटने में चोट लगी थी। इसके बाद वो पूरे लीग से बाहर हो गए थे। लीग से बाहर होने के बाद विलियमसन न्यूजीलैंड लौट गए और अप्रैल में उनकी सर्जरी हुई। IPL के इस सीजन में वो गुजरात टाइटन्स टीम के हिस्सा थे।

#### ट्रेंट बोल्ट भी टीम में शामिल

*टीम में फिन एलन की जगह विल यंग को शामिल किया गया है। इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज से बाहर हुए तेज गेंदबाज काइल जैमीसन और एडम मिल्ने वर्ल्ड कप में नहीं खेलेंगे। ट्रेंट बोल्ट और जेम्स नीशम को भी टीम में जगह मिली है, हालांकि दोनों इस साल न्यूजीलैंड के सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट में शामिल नहीं हैं। वर्ल्ड कप 5 अक्टूबर से भारत में होना है। सभी टीमें अपने स्क्वॉड में 15 प्लेयर्स रह सकेंगी, टीमें 3 स्टैंड-बाय खिलाड़ियों के नाम भी दे सकती हैं।*

### एशियन गेम्स से पहले बेंगलुरु में ट्रेनिंग करेगी इंडियन टीम

## पुरुष क्रिकेट टीम का कैंप 12 दिन, महिला टीम का सिर्फ 4 दिन का होगा

**दिल्ली।** एशियन गेम्स के लिए पुरुष और महिला टीम की कैंप बेंगलुरु में नेशनल क्रिकेट एकेडमी में लगाया जाएगा। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक पुरुष टीम का 12 दिन और वुमन टीम की 4 दिन का कैंप लगाया जाएगा। दरअसल एशियन गेम्स 23 सितंबर से 8 अक्टूबर तक चीन में होना है। एशियन गेम्स में क्रिकेट को तीसरी बार शामिल किया गया है। इससे पहले 2010 और 2014 के एशियन गेम्स में क्रिकेट को शामिल किया गया था। यह टी-20 फॉर्मेट में खेला जाना है। मेंस टीम का कैंप 12 सितंबर से NCA में पूर्व क्रिकेटर वीवीएस लक्ष्मण की निगरानी में आयोजित किया जाएगा। यह कैंप 12 सितंबर से 24 सितंबर के बीच आयोजित होगा।



जबकि महिलाओं का कैंप 13 सितंबर से 16 सितंबर के बीच होगा। महिला टीम 17 सितंबर को चीन के लिए रवाना हो जाएगी। वहीं पुरुष टीम का कैंप जारी रहेगा। महिला क्रिकेट टीम के मैच 19 सितंबर से 27 सितंबर तक खेले जाएंगे। वहीं पुरुष क्रिकेट टीम के मैच 28 सितंबर से 8 अक्टूबर तक खेले जाएंगे। विमेंस कैटेगरी में 14 टीमें और मेंस में 18 टीमें पार्टिसिपेट करेंगी। भारतीय महिला क्रिकेट टीम एशियन गेम्स में अपने अभियान की शुरुआत 22 सितंबर से क्वार्टर फाइनल से करेगी। वहीं भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम का अभियान 5 अक्टूबर से क्वार्टर फाइनल से शुरू होगा।

विमेंस टीम~ हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), शेफाली वर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, दीप्ति शर्मा, ऋचा घोष (विकेटकीपर), अमनजोत कौर, देविका वैद्य, अंजलि सरवानी, तितास साधु, राजेश्वरी गायकवाड़, मिन्नू मणि, कनिका आहूजा, उमा छेत्री (विकेटकीपर) और अनुषा बरेड्डी।

### एक नजर

## रोहित श्रीलंका में सबसे ज्यादा सिक्स जमाने वाले विदेशी बैटर

### राहुल के 2 हजार वनडे रन पूरे; भारत-पाक मैच के टॉप रिकॉर्ड्स

**कोलंबो।** एशिया कप में भारत-पाकिस्तान सुपर-4 मुकाबला रिजर्व-डे में जा चुका है। मैच अब दूसरे दिन सोमवार को पूरा खेला जाएगा। पहले दिन रविवार को भारत ने 24.1 ओवर में दो विकेट पर 147 रन ही बनाए थे कि बारिश आ गई। मुकाबला रोक दिया गया, जो दोबारा शुरू ही नहीं हुआ।



भारतीय पारी में रोहित शर्मा और शुभमन गिल की बल्लेबाजी ने दर्शकों को रोमाचित कर दिया। इन पारियों ने कई रिकॉर्ड तोड़े।

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा श्रीलंकाई सरजमीं पर सबसे ज्यादा छक्के जमाने वाले विदेशी बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ अपनी अर्धशतकीय पारी में 4 छक्के जमाए। इस मैच में रोहित ने 49 गेंद पर 114.29 के स्ट्राइक रेट से 56 रन बनाए। तीनों फॉर्मेट मिलाकर रोहित के श्रीलंका में 33 छक्के हो गए। रोहित ने क्रिस गेल और शेन वॉटसन का रिकॉर्ड तोड़ा, जिनके नाम श्रीलंका में 30-30 छक्के हैं।

## जर्मनी ने पहली बार फीबा विश्व कप जीता, श्रोडर को एमवीपी से सम्मानित किया गया

**मनीला** । जर्मनी ने यहां सर्बिया को 83-77 से हराकर अपना पहला फीबा बास्केटबॉल विश्व कप खिताब जीता। डेनिस श्रोडर को टूर्नामेंट का सबसे मूल्यवान खिलाड़ी (एमवीपी) नामित किया गया।

पूरे विश्व कप में श्रोडर ने औसतन 17.6 अंक, 6.1 सहायता और 2 रिबाउंड हासिल करते हुए फाइनल में गेम-उच्च 28 अंक दिए। रिपोर्ट के अनुसार, फ्रांज वैगनर ने 19 अंक और सात रिबाउंड का योगदान दिया, जबकि जोहान्स वोइग्टमैन ने 12 अंक और आठ रिबाउंड जोड़े। सर्बिया के लिए, अलेक्सा अव्रामोविक ने 21 अंकों के साथ स्कोरिंग का नेतृत्व किया, और बोगदान बोगदानोविक ने 17 अंकों और पांच सहायता के साथ स्कोरिंग में योगदान दिया। हालाँकि, निकोला मिलुटिनोव को संघर्ष करना पड़ा, अपने सभी चार प्रयास चूक गए और खेल को केवल दो अंक और चार सहायता के साथ समाप्त किया। मॉल ऑफ एशिया एरेना सर्बिया के लिए एक घरेलू खेल जैसा महसूस हुआ, इसके लिए उनके उत्साही प्रशंसकों को धन्यवाद। हालाँकि, शुरुआत में ही चिंताएँ पैदा हो गई जब ओग्जेन डोब्रिक को चोट लग गई और खेल शुरू होने के तीन मिनट बाद ही उन्हें कोर्ट छोड़ना पड़ा। ऐतिहासिक रूप से, 21वीं सदी में पिछले पांच फाइनल में से प्रत्येक में, आधे समय तक आगे रहने वाली टीम विजयी हुई। लेकिन रविवार के फाइनल में हाफ टाइम तक दोनों टीमें 47 अंकों पर बराबरी पर रहीं।



# जनघोषणा पत्र के संयोजक सांसद विजय बघेल पहुंचे पत्थलगांव,मुख्यमंत्री पर साधा निशाना

छग की कांग्रेस सरकार ने पाटन को ही नहीं बल्कि पूरे प्रदेश को कलंकित करने का काम किया - सांसद विजय बघेल

जोहार छत्तीसगढ़-पत्थलगांव।

आगामी विधानसभा चुनाव में अपनी मजबूत पकड़ बनाने के उद्देश्य से राजनीतिक दलों ने अपनी कमर कसना शुरू कर दी है।आए दिनों प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर के पदाधिकारियों और आला नेताओं की बैठकों का दौर जोरो शोरो से जारी है। जिसे लेकर भारतीय जनता पार्टी ने अपनी गतिविधि तेज कर दी है। इसी क्रम में आज सोमवार को दुर्ग सांसद व जन घोषणा पत्र समिति के प्रदेश संयोजक विजय बघेल पत्थलगांव विधानसभा के मंडल पत्थलगांव के हरियाणा पंचायती धर्मशाला मे आयोजित बैठक में पहुंचे। इस बैठक में भाजपा द्वारा आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर जारी किए जाने वाले घोषणा पत्र में प्रदेश की 90 विधानसभा के विभिन्न बिंदुओं को ध्यान में रखते हुए क्षेत्र में जनता की समस्याओं के अनुसार एक बॉक्स में चिट्ठियों के माध्यम से सभी सुझावों के मद्देनजर घोषणा पत्र जारी किया जाएगा। वहीं उक्त बैठक में सांसद बघेल ने क्षेत्र अंतर्गत मजबूत पकड़ बनाए रखने पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं को गुरुमंत्र भी दिया। वहीं बैठक में संगठनात्मक चर्चा की गई। इस बैठक में पूर्व विधायक शिव शंकर साय पैंकरा,जिला उपाध्यक्ष सुनील अग्रवाल,मंडल अध्यक्ष अनिल मित्तल,जिलामंत्री मनीष अग्रवाल,ग्रामीण मंडल प्रभारी हरजीत भाटिया,ग्रामीण मंडल अध्यक्ष चमर साय एक्का, डॉ बी एल भगत,सुरेंद्र बेसराएमनीष अग्रवाल,संजय लोहिया,सुनील गर्ग,विजय कुमार शर्मा,उमाशंकर यादव,भाजपा मंडल महामंत्री अंकित बंसल,भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष अवधेश गुप्ता,रोशन प्रताप सिंह,नरेश यादव,अंजू टोप्पो,भुनेश्वरी बेहरा,शीला गुप्ता,अनिता राजपुत,मिथलेश लकड़ा,श्याम नारायण गुप्ता समेत भारी संख्या में अन्य पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस दौरान दुर्ग सांसद एवं छग चुनावी घोषणा पत्र के प्रदेश संयोजक विजय बघेल ने कहा कि भाजपा ने छत्तीसगढ़ में पाटन से मुझे चुनाव लड़ने का दायित्व सौंपा है। उन्होंने कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि इस सरकार ने पाटन को ही कलंकित नही बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ को कलंकित करने का काम किया है। प्रदेश की जनता कांग्रेस सरकार से त्रस्त हो चुकी है और महिलाओं,युवाओं,किसानों को ठगने का काम इस सरकार ने किया है। उन्होंने पाटन से चुनाव लड़े जाने की बात पर कहा कि चुनौती हर लड़ाई में होती है मुख्यमंत्री के खिलाफ चुनाव लड़ना संघर्ष तो है लेकिन संघर्ष को सरल बनाने के लिए वहां की जनता है भाजपा के कर्मठ कार्यकर्ता युवा मजबूती के साथ कार्य में लगे हुए हैं। जिसे लेकर 15 दिनों से बिलासपुर,सरगुजा संभाग के दौरे में घोषणा पत्र समिति की जिम्मेदारी निभा रहा हुं। उन्होंने कहा छत्तीसगढ़ को कलंकित करने वाले मुख्यमंत्री को बनाने वाले हम जनता, और हमारी जिम्मेदारी है कि छत्तीसगढ़ को बचाना है। पाटन की जो भूमि पर लांछन लगा है उससे जनता मुक्ति पाना चाह रही है और प्रदेश की जनता इस चुनाव में भाजपा को पूर्ण बहुमत के साथ जितने प्रतिबद्ध है।उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अधिकतर वोटो से हार रहे हैं। लोग जानते है कि डबल इंजन की सरकार बनने से प्रदेश में जनता की समस्याएं दूर होगी। उन्होंने जशपुर जिले की सड़कों के बारे में पूछे जाने पर कहा कि केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से कहा है कि आप योजनाएं बनाए भरपूर पैसा प्राप्त होगा लेकिन भ्रष्टाचार में लिप्त शासन प्रशासन को जनता के दुख दर्द से कोई वास्ता नहीं है केवल भ्रष्टाचार करने में लगे हुए हैं। उन्होंने चुनावी घोषणा पत्र में पत्थलगांव को जिला बनाए जाने की बात पर कहा है कि चुनावी घोषणा पत्र जनता के मांग के हिसाब से ही जारी होगा जिस पर भाजपा द्वारा जरूर ही विचार किया जाएगा।







## उत्तम विचारों के आत्मसात् से ही रामधुनी की सार्थकता - गुरूमुख सिंह होरा

**धमतरी** । ग्राम देमार में कृष्ण नवयुवक समिति एवं जागरूक किसान क्लब द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी भगवान श्री कृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर तीन दिवसीय भव्य रामधुनी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया , जिसमे क्षेत्र के नामी मानस मण्डलियों ने अपनी प्रस्तुती दी । जिसका समापन कार्यक्रम दिनांक 07 सितम्बर दिन गुरूवार को उपाध्यक्ष प्रदेश कांग्रेस कमेटी एवं पूर्व विधायक धमतरी गुरूमुख सिंह होरा के मुख्य आतिथ्य मे संपन्न हुआ । कार्यक्रम को संबोधित करते हुये श्री होरा ने कहा कि आज के आधुनिक युग में अपनी लोक परंपराओं को सहेजने समाज के लोगों के लिए अच्छा उदाहरण है। और मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्री रामचंद्र के आदर्श जीवन चरित्र को रामधुनी स्पर्धा के माध्यम से संगीतबद्ध कर जनमानस तक पहुंचाना निश्चित ही बधाई योग्य पुनीत कार्य है ,प्रभु राम चंद्र का सम्पूर्ण जीवन मानव समाज के लिए प्रासंगिक है ,उनके आदर्शो का पालन कर आदर्श एवं सभ्य समाज की परिकल्पना कर सकते है । हमे रामकथा का वाचन एवं श्रवण के साथ साथ इसे आत्मसात् करना होगा तभी ऐसे धार्मिक कार्यक्रम के आयोजन की सार्थकता सिद्ध होगी । । कार्यक्रम मे दौरान मुख्य रूप से वसीम कुरैशी ,टिकेन्द्र गजेन्द्र ,गोल्डी ठाकुर,अभिमन्यू सिन्हा,दिनेश साहू संतोष सिन्हा ,विजय कुंभकार,ईश्वर रामटेके ,गौतम साहू,रघुवीर रामटेके,नारायण पटेल,तेजराम साहू ,संतलाल साहू ,भरत कुंभकार ,युकेश विश्वकर्मा ,गोविंद राम साहू ,मोहनदास मानिकपुरी ,जीवराखन पटेल होमेश मीनपाल सहित बड़ी संख्या मे ग्रामवासी उपस्थित थे ।

## जोबी महाविद्यालय में लगी सेनेटरी पैड की मशीन

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

शहीद वीर नारायण सिंह शासकीय महाविद्यालय जोबी-बर्रा में आज एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया गया, जो छात्राओं के लिए बेहद उपयोगी है। क्योंकि अब उन्हें मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता की चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। वे बेहिचक महाविद्यालय में लगी सेनेटरी पैड मशीन का उपयोग कर सकेंगीं।



जोबी कॉलेज के प्राचार्य रविन्द्र कुमार थवाईत से मिली जानकारी के मुताबिक महाविद्यालय के परिसर में सिनेटरी पैड की मशीन की स्थापना की गई है। यह पहल छात्राओं को स्वच्छता और सुरक्षा के मामले में सशक्त बनाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। जिसे महिला एवं बाल विकास विभाग और महाविद्यालय प्रबंधन के संयुक्त प्रयास से उपलब्ध कराया गया है। श्री थवाईत ने कहा कि सेनेटरी पैड की मशीन की स्थापना महाविद्यालय के सामाजिक और शैक्षिक माहौल को सुधारने का एक प्रयास है। इस पहल का उद्देश्य छात्राओं को स्वच्छ और सुरक्षित रखना व माहवारी से जुड़ी समस्याओं का समाधान करना है। इससे नि:संदेह महाविद्यालय की छात्राओं के स्वास्थ्य और विकास को प्रोत्साहन मिलेगा।

उल्लेखनीय है कि इस दौरान महाविद्यालय की सहायक प्राध्यापक ज्ञानमणी एक्का ने छात्राओं को महामारी स्वच्छता से संबंधित सभी महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की। एक्का ने छात्राओं को महाविद्यालय में लगाई गई सेनेटरी पैड की दोनों मशीनों क्रमश: डिस्पेन्सर और डिस्पोजर यानी इंसिनेटर के बारे में विस्तार पूर्वक बतलाते हुए छात्राओं से मशीन चालन का अभ्यास भी करवाया। इसी कड़ी में विशेषज्ञों द्वारा सूचना संवाद और जागरूकता प्रोग्रामों का आयोजन भी किया गया। जिसमें सहायक प्राध्यापक एवं महाविद्यालय के रेडक्रॉस नोडल अधिकारी योगेन्द्र कुमार राठिया ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए छात्राओं को स्वास्थ्य संबंधित अन्य बीमारियों के खतरों और सुरक्षा के उपायों के बारे में शिक्षाप्रद व्याख्यान देते हुए अनिवार्य पहलुओं से अवगत कराया। इस दौरान महाविद्यालय की वरिष्ठ छात्राओं में मुख्य रूप से कु. मनीषा देवांगन, कु. प्रेमलता मेहरा, कु. मीना श्रीवास और रामेश्वरी राठिया ने कनिष्ट कक्षा की छात्राओं को इसे अमल में लाने की सलाह दी और स्वच्छता तथा हाईजीन केयर की दिशा में उनका उत्साहवर्धन किया। आयोजन में बड़ी संख्या में छात्राओं ने भाग लिया। जिसमें कु.गंगा, कु. आरती, कु. ओमेश्वरी, कु.आरूणी, कु. नीलावती, कु. गीता, कु. पूर्णिमा, कु. किरण, कु.मधु सहित बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं। जिन्होंने इस पहल का समर्थन करते हुए स्वच्छता अभ्यास को अपनाने का का वचन दिया।

## 23 वीं राज्य स्तरीय क्रीडा प्रतियोगिता हेतु जिले की हॉकी टीम जशपुर रवाना

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

12 से 15 सितंबर 2023 तक जशपुर में 23 वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन होने जा रहा है। जिसमे नेहरू हाकी 15 वर्ष बालक, नेहरू हॉकी 17 वर्ष बालक/बालिका में भाग लेने के लिए 32 बालक व 18 बालिका सहित कुल 48 खिलाड़ियों का संभागीय दल आज 23 वी राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता हेतु रायगढ़ से जशपुर के लिए रवाना हुआ। जशपुर में हो रहे 23 वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता हेतु संभाग स्तरीय नेहरू हॉकी दल को आज जिला शिक्षा अधिकारी रायगढ़ बी.बाखला, जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा रायगढ़ नरेंद्र चौधरी, एपीसी समग्र शिक्षा रायगढ़ भुवनेश्वर पटेल, प्राचार्य ओपी जिंदल स्कूल आर. के.त्रिवेदी, व्यायाम शिक्षक राजेश यादव ने क्रीड़ा प्रतियोगिता हेतु शुभकामनाएं देते हुए संभाग स्तरीय हॉकी दल को जशपुर के लिए रवाना किया।'



उल्लेखनीय है कि उक्त नेहरू हॉकी टूर्नामेंट हेतु संभाग स्तरीय हॉकी दल के 15 से 17 आयु वर्ग में बालक एवं 17 आयु वर्ग में बालिका टीम का प्रतिनिधित्व ओपी जिंदल स्कूल रायगढ़ के ही बालक बालिका कर रहे हैं। राज्य स्तरीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता हेतु नेहरू दल के साथ जीवन नायक जिला क्रीड़ा अधिकारी रायगढ़ प्रमुख प्रबंधक के रूप में तथा खेल प्रशिक्षक जितेंद्र सिंह मेवाडा व्यायाम शिक्षक ओपी जिंदल स्कूल जशपुर के लिए रवाना हुए।

## एक नजर

### आहरण एवं संवितरण अधिकारी एनपीएस, ओपीएस विकल्प चयन के संबंध में तीन दिवस में प्रस्तुत करें जानकारी

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

वरिष्ठ कोषालय अधिकारी, रायगढ़ ने समस्त आहरण एवं संवितरण अधिकारी, रायगढ़ को सूचित करते हुए कहा है कि अपने विभाग के ऐसे कर्मचारी/मृत कर्मचारी के नॉमिनी के एनपीएस/ओपीएस योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी के अभाव में संशयवश निर्धारित समय-सीमा में विकल्प का चयन न करना अथवा गलत विकल्प का चयन करना या शासकीय सेवक द्वारा प्रस्तुत शपथ पत्र को आहरण एवं संवितरण अधिकारी द्वारा निर्धारित समय-सीमा में अपलोड न करना या किसी विशेष परिस्थितिवश (बाह्य सेवा मृत्यु इत्यादि) शासकीय सेवक द्वारा निर्धारित समय-सीमा में विकल्प का चयन नहीं कर पाने वाले कर्मचारी की जानकारी निर्धारित प्रारूप में 3 दिवस के भीतर वरिष्ठ कोषालय अधिकारी के पास जमा कराना सुनिश्चित करें।

### जीपीएफऋ्णात्मक शेष के निपटारा के लिए तीन दिवसीय शिविर का आयोजन

**कोरबा** । कोरबा जिला के अंतर्गत विभिन्न कर्मचारी के जीपीएफमें ऋ्णात्मक शेष प्रदर्शित हो रहा है, इसके निराकरण हेतु महालेखाकार रायपुर से 13,14,15 सितंबर को तीन दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया है। वरिष्ठ कोषालयअधिकारी श्री पी आर महादेवा ने बताया कि शिविर का स्थल जिला कोषालय कोरबा होगा। जिन कर्मचारियों का ऋ्णात्मक शेष प्रदर्शित हो रहा है उनके पासबुक एवं अन्य संबंधित दस्तावेज सहित शिविर में उपस्थित होने हेतु समस्त आहरण अधिकारियों को सूचित किया गया है । विशेषकर विकासखंड शिक्षा अधिकारी पोड़ी उपरोड़ा, विकासखंड शिक्षा आधिकारी करतला, विकासखंड शिक्षा अधिकारी कटघोरा के ज्यादा प्रकरण है । समस्त डीडीओ को सूचित करने के साथ-साथ यह निर्देशित किया गया है कि संबंधित अभिदाता को भी शिविर में अनिवार्यता उपस्थित करने हेतु सूचित करें । ऋ्णात्मक शेष वाले अभिदाताओं की सूची समस्त संबंधित आहरण अधिकारियों को प्रेषित की गई है ।

### ग्रामीण क्षेत्रों के आत्मानंद अंग्रेजी स्कूलों में शिक्षकों की तालाश नही हुई पूरी

**कोरबा** । शिक्षा सत्र को ढाई माह बीत चुके हैं। अब तक जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी स्कूलों में अध्यापन कराने वाले शिक्षकों की तालाश पूरी नहीं हुई है। दो बार भर्ती प्रक्रिया पूरी होने के बाद भी 230 में 46 शिक्षकों के पद अब भी नहीं भरे हैं। सीबीएसई माध्यम से बारहवीं व बीएड अभ्यर्थियों के उम्मीदवार नहीं मिलने से पद खाली है। रिक्तियों को पूरा करने के लिए विभाग के शिक्षकों से आवेदन मंगाए गए हैं, लेकिन पहले से ही शहर के स्कूलों में जमे होने के कारण वे गांव नहीं जाना चाहते। ऐसे में अंग्रेजी स्कूल संचालन की अवधारणा पूरी नहीं हो पा रही। एक ओर हिंदी माध्यम सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की हड़ताल के कारण पढ़ाई बाधित है, वहीं अंग्रेजी माध्यम आत्मानंद स्कूलों में संविदा शिक्षकों की भर्ती नहीं होने से पढ़ाई ठप है। बेहतर शिक्षा की आकांक्षा से शुरूआत की गई ये संस्थानें शिक्षकों की कमी की भेंट चढ़ती नजर आ रही है। स्कूल में अपने बच्चों को दाखिला दिलाने के लिए अभिभावकों ने भारी मशक्कत की थी। उम्मीद यह थी कि यहां बेहतर शिक्षा मिलेगी पर शिक्षकों की कमी ने इस पर पानी फेर दिया है। संसाधन की व्यवस्था किए बिना शुरू किए गए स्कूल का खामियाजा विद्यार्थियों को भुगतना पड़ रहा है। बीते वर्ष तक जिले में छह आत्मानंद स्कूलों का संचालन हो रहा था। नए शैक्षणिक सत्र से दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में स्कूलों की शुरूआत की गई है।

### युवक से मोबाइल की लूट

**रायपुर** । रेलवे स्टेशन एक्सप्रेस वे चुनाभट्ठी के पास अज्ञात युवक ने एक व्यक्ति के जेब से मोबाइल छीनकर भाग निकला। प्रार्थी की शिकायत पर गंज थाना पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफअपराध दर्ज किया है।

मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी हेमंत पोयाम 42 वर्ष हाउसिंग बोर्ड कालोनी पिरदा का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी अपने परिचित नर्मदा प्रसाद के साथ रेलवे स्टेशन एक्सप्रेस वे चुनाभट्ठी में गया था, तभी अज्ञात व्यक्ति ने नर्मदा प्रसाद को धक्का देकर उसके शर्ट के जेब में रखे मोबाइल फोन को लेकर भाग गया। छिने गए मोबाइल की कीमत करीब 8 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर गंज थाना पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफधारा 356, 379 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## पोस्ट ऑफिस के द्वारा क्लेम राशि 10 लाख रुपये का किया गया भुगतान

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

भारतीय डाक विभाग के इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक के तहत टाटा ग्रुप एक्सीडेंट गार्ड में मात्र 399 रूपये में 10 लाख का बीमा किया जा रहा है जिसमें दुर्भाग्यपूर्ण घटना के विरूद्ध नॉमिनी को 10 लाख रुपये का भुगतान किया जाता है। साथ ही स्थायी व अस्थायी रूप से आंशिक/पूर्ण विकलांगता, दुर्घटना वश अंग विच्छेद और पैरालिसिस, दुर्घटना में चिकित्सा खर्च भी दिया जाता है। ज्ञात हो कि स्व.श्री अमन वैष्णव द्वारा 11 मार्च 2023 को मात्र 399 रुपये से समकेरा पोस्ट ऑफिस के द्वारा टाटा ग्रुप एक्सीडेंट गार्ड का बीमा कराया गया था जिनकी दुर्भाग्यपूर्ण रोड दुर्घटना में 28 मार्च 2023 को निधन हो गया है जिसका क्लेम इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक शाखा रायगढ़ को प्राप्त हुआ है। जिस पर डाक विभाग द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए 5 दिनों के भीतर 10 लाख रुपये का भुगतान नॉमिनी सौरभ वैष्णव को किया गया है जो कि क्लेम निपटान में डाक विभाग की तत्परता को बताता है। चीफ पोस्ट मास्टर वीणा आर. श्रीनिवास रायपुर और अधीक्षक डाकघर रायगढ़ संभाग नरेन्द्र कुमार राजपाल द्वारा 7 सितम्बर 2023 सौरभ वैष्णव, समकेरा तमनार, रायगढ़ से मुलाकात किया गया। भारतीय डाक विभाग द्वारा कई जन कल्याणकारी योजनाएं जैसे ग्रुप एक्सीडेंट गार्ड, ग्रुप टर्म लाइफ इंश्योरेंस, प्रीमियम खाता, डाकघर बचत खाता, महिला सम्मान खाता, सुकन्या खाता, डाक जीवन बीमा, ग्रामीण डाक जीवन बीमा, आधार एनरोलमेंट एवं अपडेशन इत्यादि योजनाएं चलायी जा रही है। जिसका फायदा जनसामान्य को हो रहा है। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए अपने निकटतम डाकघर से संपर्क करें एवं भारतीय डाक विभाग की योजनाओं का लाभ उठाएं।




## हमारे जीवन में पेड़ पौधों की आवश्यकता को समाज समझने की है जरूरत-सुनील रामदास

रामदास द्रौपदी फाउंडेशन द्वारा सांई मंगलम् कॉलोनी और ललित पाठशाला में किया गया पौधरोपण

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

टीवी टावर के पास स्थित सांई मंगलम् कॉलोनी में रामदास द्रौपदी फाउंडेशन द्वारा पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर आशीष इजारदार, गोविंद राम साहू, अभिजीत दुबे, पुष्पेंद्र पटेल, विजय पटेल, दिनेश चंद्राकर, विष्णु शर्मा, आकाश झरिया, केसी,पटेल, ईश्वर शेट्टी,राजेश पटेल, श्वाति दुबे, प्रिंयका शर्मा, रश्मि चन्द्राकर, काजल पटेल, जया पटेल, पुष्पा पटेल, माया शर्मा, चैताली बेनर्जी, कृष्णा देवी शर्मा, दीपक आचार्य, विजय शर्मा, रामनंदन यादव, शिव राज साहू, सुरेन्द्र निषाद, गीतिका वैष्णव, अन्नु तिवारी, दीपक थवाईत, सोनम सिंह, आशीष इजारदार आदि गणमान्य जन और कलाकारों की उपस्थिति रही। उक्त कार्यक्रम में उपस्थित कलाकारों ने पर्यावरण से संबंधित गीत भी प्रस्तुत की। जिसको कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा कार्यकर्ता व रामदास द्रौपदी फ उंडेशन के चेयरमैन सुनील रामदास ने प्रशंसा की। इसके अतिरिक्त कया घाट स्थित ललित पाठशाला में कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज और रामदास द्रौपदी फ उंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर ब्राहमण समाज से दयानंद अवस्थी, कमल दीक्षित, अखिलेश बाजपेयी व अनिल बाजपेयी सहित नगर के दर्जनों गणमान्य जन उपस्थित रहे। उपरोक्त कार्यक्रमों में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए भाजपा कार्यकर्ता व रामदास द्रौपदी फ उंडेशन के चेयरमैन सुनील रामदास ने कहा कि आज भी समाज में पेड़.पौधों की उपयोगिता और महत्व को समझाने की ज़रूरत है। वैसे तो हर सनातनी व्यक्ति प्रकृति का पूजक होता है। किन्तु समाज के यह बोध उत्पन्न कराना पड़ेगा कि पेड़ पौधों के बिना हमारे जीवन का अस्तित्व ही नहीं रह सकता है। क्योंकि भौतिकतावादी जीवन शैली ने हमारे जीवन के सोच को भी बदल दिया है। इसलिए इस विषयवस्तु को समाज के बीच समाज द्वारा प्रयास करने की जरूरत है। जिससे अगली पीढ़ियों को सुरक्षित भविष्य दिया जा सके।





# बालौदाबजार पुलिस की संयुक्त टीम ने लग्जरी कार से एमपी शराब तस्करी करने वाले आरोपियों पर बड़ी कार्रवाई की

### साइबर सेल एवं थाना सिटी कोतवाली पुलिस टीम द्वारा ताबड़तोड़ अभियान चलाकर 30 पेटी मध्य प्रदेश निर्मित अंग्रेजी गोवा शराब किया जप्त

जोहार छत्तीसगढ़–बालौदाबजार।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार झा के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार हरीश कुमार यादव एवं अभिषेक सिंह के मार्गदर्शन में थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा प्रभारी निरीक्षक अमित तिवारी के नेतृत्व में शराब कोचियों की धरपकड़ कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम में 10 सितंबर 2023 को मुखबिर के माध्यम से सूचना मिली कि 10.11 सितंबर 2023 की दरम्यानी रात में एक बड़ा एवं शातिर शराब तस्कर लग्जरी कार के माध्यम से बलौदाबाजार होते हुए भारी मात्रा में मध्य प्रदेश निर्मित अंग्रेजी गोवा शराब की तस्करी करने वाला हैं। साथ ही सूचना में यह भी बात पता चली कि यह शराब तस्कर बहुत ही




तेज गति से वाहन चालन करते हुए भागते हैं। जिससे इसे पकड़ पाना बहुत ही मुश्किल हो जाता है। उक्त सूचना पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार हरीश कुमार यादव के नेतृत्व में साइबर सेल एवं थाना सिटी कोतवाली की संयुक्त पुलिस टीम में शामिल प्रधान आरक्षक नरेश खूंटे, अंजोर मांझी, देवेंद्र देवांगन आरक्षक अजय यादव, हेमंत नायक, गोपाल पाल, टीकाराम साहू द्वारा सकरी बाईपास तालाब मोड़ के पास नाकाबंदी किया गया। पुलिस टीम द्वारा इन तस्करों की चालाकी से वाकिफ होते हुए सुरक्षा पूर्वक सकरी बाईपास के पास नाकाबंदी किया गया। इस

**पुलिस ने कुल 2,30,000 बाजार मूल्य की कीमत का मध्य प्रदेश निर्मित अंग्रेजी गोवा शराब किया जप्त**

दौरान पुलिस टीम को बहुत तेज रफ्तार से एक काला रंग की सेन्ट्रो कर सामने आती दिखी। पुलिस टीम द्वारा तत्परता पूर्वक कार को रोका गया। तत्पश्चात पुलिस टीम द्वारा सावधानीपूर्वक कार को घेरकर शराब तस्करों को तत्काल अभिरक्षा में लिया गया। कार की चालक सीट में बैठा व्यक्ति ने अपना नाम परषोत्तम बंजारे निवासी ग्राम सुढेली बताया। इस दौरान पुलिस टीम द्वारा सेन्ट्रो कार क्र. एमएच 20 3958 को अपने कब्जे में लेकर सुक्ष्मतापूर्वक कार का निरीक्षण किया गया। जिसमें पुलिस टीम को कार में कुल 30 पेटी मध्य प्रदेश निर्मित अंग्रेजी गोवा शराब प्रत्येक में 50 पाव कुल 270 बल्क लीटर मिला, जिसे कार सहित विधिवत जप्त किया गया है। जप्त शराब का बाजार मूल्य 2,30,000 है। पुलिस द्वारा कार के माध्यम से शराब की तस्करी करने वाले आरोपी को धारा 34;02,,36 आबकारी एक्ट के तहत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। आरोपी परषोत्तम बंजारे पिता तोताराम बंजारे उम्र 25 साल निवासी ग्राम सुढेली थाना सिटी कोतवाली

### जप्ती का विवरण

सेन्ट्रो कार क्र. एमएच 20, 3958,कुल 30 पेटी मध्य प्रदेश निर्मित अंग्रेजी गोवा शराब प्रत्येक में 50 पाव कुल 270 बल्क लीटर,शराब का कुल कीमत मूल्य 2,30,000

## एक नजर

## हॉस्टल में छात्र ने टाई से फांसी लगाकर की आत्महत्या

### मचा हड़कंप, जांच में जुटी पुलिस



**कांकेर।** जिले से सनसनीखेज मामला सामने आया है. प्री मैट्रिक बालक छात्रावास के एक छात्र ने स्कूल यूनिफॉर्म की टाई से फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है. घटना से हॉस्टल (छात्रावास) में हड़कंप मच गया. मामले की सूचना पर पहुंची कांकेर पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है. घटनास्थल से पुलिस को कोई भी सुसाइड नोट नहीं मिला है, पुलिस आत्महत्या के कारण का पता लगाने में जुटी हुई है. जानकारी के अनुसार, प्री मैट्रिक विशिष्ट बालक छात्रावास, गोविंदपुर में छात्र ने टाई से फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली. छात्र 9वीं कक्षा की पढ़ाई करता था और आमाबेड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत हुर्रेपिंजोडी गांव का रहने वाला था. हॉस्टल अधीक्षक ने बताया कि मुझे चपरासी के माध्यम से जानकारी मिली की 9वीं का छात्र हॉस्टल के स्टडी रूम में चटाई में पड़ा हुआ है. मैंने एम्बुलेंस की सहायता से उसे अस्पताल पहुंचाया. हॉस्टल के अन्य छात्रों ने बताया कि छात्र खिड़की में टाई के माध्यम से लटक कर आत्महत्या कर लिया है. कांकेर टीआई शरद दुबे ने बताया कि छात्र के टाई से लटक कर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है. हॉस्टल में जाकर जांच किया गया है. आत्महत्या का कारण अज्ञात है. पूरे मामले की जांच की जा रही है.

## विधानसभा चुनावः पाली क्षेत्र में भाजपा की बैठकों का दौर शुरू

**कोरबा** । छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव की तैयारियां जोरों पर है। प्रदेश स्तर पर सत्ता से बनवास काट रही भाजपा की सक्रियता शुरू हो गई है। बूथ से लेकर विधानसभा तक ही बैठकों का दौर जारी है। इसी कड़ी में पाली तानाखार विधानसभा में भी पश्चिम बंगाल के विधायक असीम विश्वास अपना प्रवास रविवार से ही शुरू कर दिया है। प्रवास से पहले प्रथम बैठक कटघोरा स्थित एक निजी होटल में रखी गई जिसमे विधानसभा क्षेत्र कोर कमेटी के पदाधिकारी सदस्यों सहित विधानसभा के वरिष्ठ पदाधिकारियों, मंडल अध्यक्षों व मीडिया प्रभारियों की अगल–अगल बैठक ली। साथ ही विभिन्न क्षेत्र के पदाधिकारियों, विचार परिवार के लोगों से भी चर्चाएं हुए, प्रवासी विधायक अभी एक सप्ताह विधानसभा में रहेंगे। मंडल स्तर तक जाकर भाजपा संगठन को और मजबूत करने कार्यकर्ताओं को रिचार्ज करने का काम करेंगे। साथ ही विधानसभा में भाजपा की पूर्व और वर्तमान स्थिति पर विशेष चर्चा करेंगे। विधानसभा चुनाव को लेकर यह दौरा व बैठक काफी अहम माना जा रहा है।

बैठक में प्रमुख रूप से विधानसभा संयोजक संजय भावनानी,विधानसभा सह प्रभारी अजय जायसवाल,पूर्व भाजयुमो प्रदेश उपाध्यक्ष चिंटू राजपाल,पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष देवी सिंह टेकाम,पूर्व विधायक रामदयाल उइके,पाली मंडल प्रभारी श्याम लाल मरावी, महिला मोर्चा प्रदेश मंत्री किरण मरकाम,अनु जाति मोर्चा जिला मंत्री गोवर्धन कंवर,वरिष्ठ नेता प्रकाश जाखड़, पूर्व मंडल अध्यक्ष कीर्ति कश्यप, रूप विलास गोस्वामी, मंडल अध्यक्ष रघुनंदन जायसवाल, कृष्णा यदु, पवन पोया, रवि मरकाम, मंडल उपाध्यक्ष रामफल यादव, विधानसभा मीडिया प्रभारी दीपक शर्मा,सह प्रभारी विक्की अग्रवाल,छोटू पटेल,युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष मनोज डिकसेना,बृजेश यादव,दिलीप पटेल सहित क्षेत्र के कार्यकर्ता पदाधिकारी उपस्थित थे।

## बेतरतीब खड़ी 25 वाहनों पर हुई चालानी कार्रवाई, लगा 34 हजार रूपये का जुर्माना

**कोरबा** । इमलीछापर से सर्वमंगला मार्ग पर बेतरतीब खड़ी वाहनों की वजह से लगातार जाम की स्थिति निर्मित हो रही है। रविवार को जिला परिवहन विभाग ने बेतरतीब खड़ी 25 वाहनों पर चालानी कार्रवाई करते हुए 34 हजार रूपये का जुर्माना लगाया है। मार्ग में वाहन खड़ा करने के यार्ड की सुविधा नहीं है। ऐसे में चालानी कार्रवाई से वाहन चालक हलकान हैं।

निजी उद्योगों में कोयले की मांग लगातार बढ़ती जा रही है। इसका सीधा असर परिवहन पर पड़ रही है। जिस रफ्तार से सड़कों में भारी वाहनों की संख्या बढ़ी है उसकी तुलना सड़कों का सदृढीकरण नहीं हुआ है। शहर के इमलीछापर से लेकर सर्वमंगला मार्ग में प्रतिदिन जाम लगने डेढ़ लाख आबादी परेशान है।

सबसे अधिक परेशानी प्रतिदिन आवागन करने वाले राहगीरों को हैए जो निजी व शासकीय कार्यालयों में कार्यरत हैं। इसके अलावा मार्ग में 30 से भी अधिक छोटी बड़ी स्कूली बसें चलती हैं। मार्ग में जाम लगने की वजह से बच्चें समय पर स्कूल नहीं पहंच पाते। जाम का हल निकालने के लिए प्रशासन स्तर पर कई बार बैठकें हो चुकी है। इसके बाद भी नतीजा सामने नही आया है। लंबी दूरी तय करने वाले वाहन चालक कोयला खदान से वाहन को निकालने के बाद भोजन बनाने व स्नान करने करने के लिए सुविधा के अनुसार वाहन को खड़ा कर देते हैं।

## करील निकाल रही दो महिलाओं को हाथी ने सूंड से पटक कर मारा, युवक ने भागकर बचाई जान

### हाथी अभयारण्य का काम सुस्त, लगातार हो रही घटना

**कोरबा** । कटघोरा वनमंडल के केंदई वन परिक्षेत्र अंतर्गत कोरबी के मातिन दाई मंदिर के निकट जंगल में एक हाथी ने सूंड से पटक कर दो महिलाओं की जान ले ली है। यह घटना रविवार की सुबह उस समय हुई जब कुछ महिलाएं जंगल के बांस की नर्सरी में करील निकाल रही थी। महिलाओं के साथ मौजूद मामा–भांजा को भी हाथी ने दौड़ाया। इस घटना में मामा घायल हो गया। वहीं भांजा भागने में सफल रहा। क्षेत्र में दहशत का माहौल देखा जा रहा है।

जिले के वनक्षेत्रों में हाथी मानव द्वंद्व थमने का नाम नहीं ले रहा है। कोरबी के निकट जंगल में दल से बिछड़े हाथी ने जमकर कर कहर बरपाया है। कोरबी निवासी राजकुमारी 39 व पुन्नीबाई 58 रिश्ते में ननद भाभी हैं। दोनों करील तोड़ने मातिन दाई मंदिर के निकट जंगल में गई थीं। उनके साथ राजकुमारी का पति नरसिंह व पुन्नी का पुत्र यानी भांजा दीपक भी साथ में थे। चारों करील निकालने इतने व्यस्त थे कि जंगल की ओर से लोनर हाथी के आने का पता ही नहीं चला। एकदम निकट आने पर सबसे पहले हाथी पर नजर दीपक की पड़ी। वह अपने मामा–मामी और मां को सतर्क करते हुए भागने लगा। नरसिंह जब तक संभलता तब तक हाथी उसके निकट आ पहुंचा था। हाथी के धक्का देने पर गिरते पड़ते भागने में वह सफल रहा पर इस दौरान चोट आई। पुन्नी व राजकुमारी करील निकालने के कारण बांस के झुरमुट के अंदर थे। वे दोनों बाहर निकल कर भागते इससे पहले हाथी ने दोनों को सूंड से उठाकर पटकना शुरू किया।

# जनचौपाल में कलेक्टर ने सुनी लोगों की समस्याएं


### जनचौपाल में विभिन्न शिकायत एवं समस्याओं से संबंधित 38 आवेदन प्राप्त हुए

जोहार छत्तीसगढ़–बेमेतरा।

प्रत्येक सोमवार को कार्यालय कलेक्ट्रेट में कलेक्टर जनचौपाल को आयोजन होता है। इस चौपाल में जिले के अलग.अलग क्षेत्र के लोग अपनी–अपनी मांग, समस्याएं एवं शिकायतें लेकर आते हैं। जन चौपाल मे आने वाले सभी लोगों की समस्या और उनके समाधान का निराकरण भी किया जाता है। आज के जनचौपाल में कलेक्टर ने लोगों की समस्याओं को गौर से सुना और संबंधित अधिकारियों से दूरभाष पर और समक्ष बुलाकर संबंधित आवेदनों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। कुछ आवेदन मौके पर ही निराकरण किए गए। आज के जनचौपाल में 38 आवेदन विभिन्न शिकायत एवं समस्याओं से संबंधित थे जिन्हे संबंधित विभाग के अधिकारियों को निराकरण हेतु



भेजा गया। जनचौपाल में दूरदराज के गांवों से अपनी समस्याओं के समाधान हेतु पहुंचे लोगों में से तहसील बेरला के ग्राम करेली निवासी परदेशी राम देवांगन ने राजीव गांधी किसान न्याय योजना के अंतर्गत किस्त की राशि प्रदान करने के संबंध में आवेदन दिया। ग्राम सोमई खुर्द निवासी उत्तरा साहू ने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत गैस कनेक्शन नहीं दिये जाने के संबंध मे आवेदन दिया। ग्राम पंचायत भदौरा के समस्त किसानों ने अटल ज्योति ट्रांसफ़ार्मर की व्यवस्था करने के संबंध में आवेदन दिया। ग्राम करेली निवासी परदेशी देवांगन ने राजीव गांधी किसान न्याय योजना अंतर्गत 2022–23 की बोनस राशि पंजीकृत रकबा अनुसार बैक खाते में नहीं आने के संबंध मे आवेदन दिया । ग्राम कन्हेरा के समस्त ग्रामवासी ने रवि फसल छति की मुआवजा दिलाने के संबंध में आवेदन दिया । इसी तरह विधवा पेंशन प्रदान करने तहसील बेरला ग्राम मोहभट्ठा निवासी सुशीला बाई कुर्रेए तहसील साजा ग्राम बोड़ निवासी लोकनाथ ने नीजी जमीन पर बिना अधिग्रहण किये सरपंच द्वारा रातो रात रोड़ निर्माण करने के संबंध में श्रम कार्ड में संशोधन करवाने, अतिक्रमण हटाने, नामांतरण करने, आर्थिक सहायता प्रदान करने आदि के संबंध में आवेदन प्राप्त हुए।



## इलाज के दौरान महिला की मौत, क्लिनिक में शव रखकर परिजनों ने किया हंगामा

**बिलासपुर।** नियमों को तक में रखकर संचालित किये जा रहे क्लीनिक अंचल के मरीज को मौत के मुंह में धकेलना का काम कर रहे हैं।ताजा मामला बिलासपुर के तिफरा स्थिति संजीवनी क्लीनिक का प्रकाश में आया है।जहां उल्टी दस्त के इलाज के लिए पहुंची एक महिला कि मौत हो गई । जिसके बाद परिजनो ने इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा मचाया । मामले में मृतिका के बेटे विनोद सूर्यवंशी ने जानकारी देते हुए बताया कि मन्नाडोल निवासी वृद्ध महिला कालिंद्री बाई सूर्यवंशी को उल्टी दस्त होने की शिकायत के बाद परिजनों द्वारा सोमवार को तिफरा में रोड में स्थित संजीवनी क्लिनिक



इलाज के लिए लेकर पहुंचे थे। जहां इलाज के नाम पर वहां उपस्थित स्टाफ ने केवल खाना पूर्ति की जब महिला की तबीयत ज्यादा बिगड़ने लगी। उन्होंने इलाज करने से मना करते हुए वृद्ध महिला मरीज को दूसरे अस्पताल ले जाने की बात कहने लगे, इस बीच महिला की मौत हो गई, जिससे अक्रोशित परिजनों ने क्लीनिक के डॉक्टर नितिन योगी पर इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए 10 लाख मुआवजा कि मांग को लेकर जमकर हंगामा मचाया।हालांकि मौके पर मौजूद सिरगिट्टी पुलिस व जनप्रतिनिधियों ने मृतक के परिजनो को लापरवाह चिकित्सक से 50 हजार रुपये दिलवाकर मामला शांत करवाया। उसके बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेज डॉक्टर के खिलाफ थाने में शिकायत भी की गई।

## 20 सितंबर को सामूहिक ऋषि पंचमी उद्यापन की तैयारियां जोरो पर

जोहार छत्तीसगढ़–खरसिया।

महिला जागरण मंडल द्वारा 20 सितंबर बुधवार को सामूहिक ऋषि पंचमी उद्यापन कार्यक्रम टाउन हॉल मैदान खरसिया में भव्य रूप से संपन्न होगा। उपरोक्त कार्यक्रम में 401 जोड़ों द्वारा उद्यापन किया जावेगा। सामूहिक ऋषि पंचमी उद्यापन में शामिल होने छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, उड़ीसा एवं कोलकाता से उद्यापनकर्ता पहुंचेंगे। वहीं हिंदुस्तान के सर्वश्रेष्ठ कथावाचक पुनीत कृष्ण महाराज वृंदावन के मार्गदर्शन में 21 विद्वान पंडितो द्वारा विधि.विधान से उद्यापन संपन्न कराया जाएगा। विदित हो कि इनके सानिध्य में अकलतरा में यह कार्यक्रम आयोजित किया जा




चुका है। ऋषि पंचमी एवं तुलसी विवाह उद्यापन के लिए पंडित पुनीत कृष्ण महाराज पूरे हिंदुस्तान में विशेष रूप से जाने जाते हैं। महिला जागरण मंडल की अध्यक्ष कौशल्या देवी अग्रवाल ने बताया कि उद्यापनकर्ताओं का स्वागत बैंड.बाजे के साथ राजस्थानी वेशभूषा में महिलाओं द्वारा किया जावेगा। संपूर्ण कार्यक्रम आकर्षक झाकियों एवं संगीतमय भजनों के साथ संपन्न होगा। सामाजिक कार्यों में अग्रणी रहने वाली महिलाओं एवं पुरुषो की टीम जोर.शोर से पूरे उत्साह के साथ तैयारीयो में लगी हुई है। पूजा में बैठने वाले उद्यापनकर्ताओं को समस्त पूजा सामग्री समिति द्वारा दी जावेगी। वही प्रसिद्ध कैटर्स द्वारा नाश्ता, भोजन व फलाहार इत्यादि की व्यवस्था रहेगी।

## सीईओ ने पंचायत सचिव को किया निलंबित,वित्तीय अनियमितता पाये जाने पर हुई कार्रवाई

जोहार छत्तीसगढ़–बेमेतरा।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बेमेतरा ने वित्तीय अनियमितता किए जाने एवं अपने कर्तव्य के प्रति घोर लापरवाही बरतने के कारण पंचायत सचिव अकोली तत्कालीन सचिव ग्राम पंचायत आनंदगांव जनपद पंचायत बेरला अमित कुमार देवांगन को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय जनपद पंचायत बेरला निर्धारित किया गया है। निलंबन अवधि में इन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी। निलंबन संबंधी आदेश जारी कर दिए गये है। जारी आदेश में जनपद पंचायत बेरला के जांच प्रतिवेदन पर कार्रवाई करते हुए कहा गया है कि आनंदगांव के सरपंच की बिना जानकारी के राशि का अवैध रूप से आहरण भुगतान किया गया।




# घरघोड़ा में फिर से सिल्लू की सरकार

### विधायक लालजीत सिंह राठिया के मुख्य आतिथ्य में हुआ शपथ समारोह,एसडीएम ने दिलाई शपथ

जोहार छत्तीसगढ़–घरघोड़ा।

नगर पंचायत के नव निर्वाचित अध्यक्ष सुरेन्द्र चौधरी ने आज टाउन हाल परिसर में विधायक लालजीत सिंह राठिया के मुख्य आतिथ्य में क्षेत्र वासियो के समक्ष अध्यक्ष पद की शपथ ली, एसडीएम ऋचा सिंह ने सुरेंद्र को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। विधायक लालजीत सिह राठिया तय समय में नगर पंचायत कार्यालय के पास पहुंचे, जहां पर सुरेंद्र चौधरी के नेतृत्व में सैकड़ों की संख्या में क्षेत्रवासी, कांग्रेसीयो व युवाओं ने उनका गाजे बाजे के साथ स्वागत



**सुरेंद्र चौधरी ने ली नगर पंचायत अध्यक्ष पद की शपथ**

कियाए तत्पश्चात् विधायक सभी के साथ पैदल मार्च करते हुए रैली निकाल कर हाईस्कूल मैदान के समीप टाउनहाल परिसर में आयोजित शपथ समारोह में सम्मिलित हुये। शपथ समारोह में पधारे समस्त अतिथियों के स्वागत कार्यक्रम के बाद एसडीएम घरघोड़ा द्वारा अध्यक्ष सुरेंद्र चौधरी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

### दिखा सिल्लू का जलवा,सैकड़ों की संख्या में लोग हुए शामिल

शपथ ग्रहण कार्यक्रम में अमूमन ऐसी भीड़ कम ही देखने की मिलती है जैसी भीड़ सुरेंद्र चौधरी सिल्लू भैया के समर्थकों की आज के शपथ ग्रहण में दिखी। पद की शपथ लेने के बाद सिल्लू चौधरी ने सभी का आभार प्रगट करते हुए इसे लोगों का अपनापन और विश्वास बताया।

### देर शाम तक जारी रहा बधाईयों का सिलसिला

कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुख्य अतिथि लालजीत सिंह राठिया, नगर पंचायत अध्यक्ष सुरेंद्र चौधरी, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष शिव शर्मा, उपाध्यक्ष उस्मान बेग, विधायक प्रतिनिधि किरोड़ी तायल, पार्षद गण धनेश्वर साहू, राजन श्रीवास, दुलारो नन्हीं, गज्जू, पूरसौत्तम रजनी उराव, शिवनाथ, विजय जयसवाल, पूनम चौहान, सरोज ललिता एक्का, कनक पैंकरा, एल्डरमेन बाबू ठाकुर, भिक्षा महंत,जनक सरपंच,जनक दास महंत,प्रकाश ठाकुर, मोहित पैंकरा, निर्मल सिंह,सीएमओ सुमित मेहता सहित शंभू पटनायक नगर पंचायत के समस्त कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष उपस्थित रहे।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी ( रा. ) लैलूंगा जिला रायगढ़ ( छ.ग. )**
**ईश्तहार**
रा.प्र.क्र. ...../ अ–2/2022–2023
ग्राम लैलूंगा प.ह.नं. 37 रा.नि.म. लैलूंगा

एतद् द्वारा सर्व संबंधित को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती बिमला देवी पति अशोक कुमार अग्रवाल के द्वारा आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 172 छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 के तहत् प्रस्तुत कर मौजा लैलूंगा में स्थित भूमि खसरा नं. 685/20 रकबा 0.0464 हे.भूमि को व्यवसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने हेतु आवेदन पत्र सहित बी–1,खसरा,ले–आउट नक्शा प्रस्तुत कर निवेदन किया गया है।

उक्त संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई उजर/आपत्ति हो तो वह नियत दिनांक 19.09.2023 तक प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि के पश्चात प्रस्तुत दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 16.08.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रा से जारी किया गया।

सील
**अनुविभागीय अधिकारी ( रा. ) लैलूंगा**

# शराब के नशे चूर मेडिकल कॉलेज में तैनात गार्डों द्वारा मरीज के परिजनों को लाठियां बरसाने के मामले में देर शाम हुआ आपसी समझौता, लेकिन समाज के लिए घातक

जोहार छत्तीसगढ़–रायगढ़।

रविवार देर रात शराब के नशे चूर मेडिकल कॉलेज में तैनात आधा दर्जन गार्डों द्वारा मेडिकल कॉलेज में डिलीवरी के लिए आए मरीज के परिजनों से गाली गलौज कर जमकर लाठियां बरसाई गई जिसकी वीडियो तेजी से वायरल हो रही है।





मारपीट से पीड़ित परिजनों ने आधी रात चक्रधर नगर थाने में शिकायत दर्ज की तथा पुलिस द्वारा पीड़ितों का मुलायाजा भी कराया गया लेकिन एफआईआर दर्ज नहीं की गई थी इस बीच आज सोशल मीडिया में मारपीट की वीडियो वायरल होने लगी। वीडियो देखकर सोशल मीडिया पर अन्य पीड़ितों ने भी अस्पताल में तैनात गाड्र्स के ऊपर काफी कुछ सवाल उठाते हुए अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की है जिसमें कुछ ने उन पर अभर्द्रता का आरोप लगाया है तथा कुछ लोगों ने उन्हें शराब पीकर मरीज के परिजनों से हुज्जाजबाजी करना बताया है तथा सोशल मीडिया एक्टिविस्ट उन्हें बाहरी प्रांत का भी बता रहे हैं। जो हमेशा आम लोगों से गुंडागर्दी करते रहते हैं। वायरल वीडियो पर लोग तेजी से अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं और करने वाले गार्ड एजेंसी को वहां से तत्काल हटाने की मांग उठ रही है। इस बीच इस मामले में देर शाम को एक नया मोड़ आ गया है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक मारपीट के वायरल वीडियो में जो पीड़ित पक्ष हैं पक्ष तथा मेडिकल कॉलेज में तैनात सुरक्षा गाड्र्स के बीच आपसी समझौता होना बताया जा रहा है। ऐसे में लाठियां बरसाने के मामले पर भी कई सवाल खड़े हो रहे हैं क्या मरीज के पीड़ित परिजनों पर कोई दबाव या प्रलोभन देकर मामले की लीपापोती तो नहीं की गई? घटना के तुरंत बाद एफ आईआर दर्ज ना होना पुलिस की कार्यशैली पर भी सवालिया निशान है।

*बहरहाल सोशल मीडिया पर इस घटना की वीडियो वायरल हो रही है तथा वीडियो देखकर लोग आक्रोशित नजर आ रहे हैं भले ही मेडिकल कॉलेज के इस मामले में आपसी समझौता हो गया हो। ऐसी घटनाओं का शहर में घटित होना समाज के लिए घातक है। गौरतलब हो कि बीते दिनों मीना बाजार के अंदर चाकू बाजी की घटना हुई थी जिसमें सूत्रों की माने तो पीड़ित पर दबाव बनाते हुए लेनदेन कर आपसी मामला खत्म कर दिया गया तथा कुछ माह पहले कोतवाली में दो गुटों द्वारा घातक हथियार लहराते के बाद दोनों गुटों के आपसी सुलह होने पर पुलिस द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई थी।*

## एक नजर

# अधिवक्ता संघ का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न न्यायधीश काछी ने दिलाया शपथ

जोहार छत्तीसगढ़–घरघोड़ा।







तहसील अधिवक्ता संघ के शपथ ग्रहण समारोह में आज अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश अच्छी लाल काछी के मुख्य अतिथि में संपन्न हुआ विशिष्ट अतिथि के रूप में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट दीपक कुमार कोसले रायगढ़, छमेश्वर पटेल अध्यक्ष उपभोक्ता फोरम रायगढ़,चंद्रकला साहू मजिस्ट्रेट,लालजीत राठिया विधायक छत्तीसगढ़ सुरेंद्र चौधरी अध्यक्ष नगर पंचायत एवं रायगढ़ जिला के अधिवक्ताओं के आतिथ्य में संपन्न हुआ। सर्वप्रथम मां भारती के चित्र के समक्ष मुख्य अतिथि के द्वारा दीप प्रचलन कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात उपस्थित अतिथियों का फूल मालाओं और पुष्प गुच्छ से अधिवक्ताओं ने स्वागत किया गया। अधिवक्ता सुनील सिंह ठाकुर ने स्वागत भाषण दिया। उन्होंने शपथ ग्रहण के माध्यम से अधिवक्ताओं के एकता के संबंध में बताया। तत्पश्चात अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष कैलाश गुप्ता सचिन फड़िंद्र पडा,पूर्व अध्यक्ष देवेंद्र पडा सभा को संबोधित किया। कार्यक्रम में उपस्थित नगर पंचायत अध्यक्ष सुरेंद्र चौधरी मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट दीपक कुमार कोसले रायगढ़, उपभोक्ता फोरम के अध्यक्ष छ्मेश्वर लाल पटेल ने अधिवक्ताओं को संबोधित किया। मुख्य अतिथि अच्छेलाल काछी ने अधिवक्ताओं को नई नियुक्ति पर शुभकामनाएं दी और भविष्य में बार और बेंच का संबंध बेहतर हो तथा सभी मिलजुल कर काम कर पक्षकारों का हित में काम करने की प्रेरणादायक उद्बोधन दिए।

अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष कैलाश गुप्ता उपाध्यक्ष मुकेश साहू, माधुरी मिश्रा सचिव फड़िंद्र पंडा सह सचिव सत्यजीत शर्मा, सदस्य अनिल बेहरा, महेंद्र हलवाई,सुरेंद्र दीवान,रथ रामकर्श, ममता एवं सभी नव नियुक्त सदस्यों का शपथ ग्रहण मुख्य अतिथि अतिरिक्त जिला में सत्र न्यायाधीश अच्छे लाल काशी ने शपथ कराई। अधिवक्ता संघ घरघोड़ा ने कार्यक्रम में संघ के पूर्व अध्यक्ष देवेंद्र पंडा पूर्व अध्यक्ष अशोक पटनायक को साल एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित विधायक लालजीत राठिया ने अधिवक्ता संघ को कुर्सी एवं अलमारी हेतु पांच लाख की राशि देने की घोषणा किया। कार्यक्रम में नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन विद्या शंकर बहिदार और राजेश ठाकुर ने किया। कार्यक्रम में नगर के गणमान्य नागरिक,अधिवक्ता संघ के परिवार सहित सदस्य और पत्रकार गण उपस्थित रहे।

# एडु सबस्टेशन से सामानों की चोरी के 3 आरोपी गिरफ्तार

जोहार छत्तीसगढ़–धरमजयगढ़।




एडु बिजली विभाग के सबस्टेशन परिसर में रखे ट्रांसफार्मर के कीमती पाट्र्स की चोरी के मामले में पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए इस वारदात में शामिल 3 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। बीते 10 सितंबर को हुई इस घटना को लेकर दर्ज कराई गई रिपोर्ट में बताया गया था कि खरसिया उपसंभाग के अंतर्गत वितरण केन्द्र ऐंडू के सबस्टेशन यार्ड में रखे ट्रासफार्मरों के सामानों को अज्ञात व्यक्तियों के द्वारा चोरी कर लिया गया है। इस मामले में अज्ञात चोरों के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कर पतासाजी की जा रही थी। इस दौरान मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने कोरबा जिले से रफीक पिता मुन्ना खान को हिरासत में लेते हुए पूछताछ की। जिसमें उसने खेदापाली गांव के पुष्पेंद्र यादव, किरण खटेल व वाहिद नामक युवक के साथ मिलकर चोरी कर बिक्री करना स्वीकार किया। आरोपियों के द्वारा चोरी के सामान को खेदा पाली के जैनुल कबाड़ी के पास बेचना बताया। जिसके बाद आरोपियों से बिक्री की रकम को जब्त किया गया और मामले में एक से अधिक आरोपियों के शामिल होने के कारण धारा 34 जोड़ी गई। वहीं, छाल पुलिस ने इस मामले में रफीक, पुष्पेंद्र व किरण को गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में संलिप्त एक अन्य आरोपी वाहिद फिलहाल फरार है।

# भाजपा ने चुनावी कार्यालय का शुभारंभ कर चुनावी बिगुल फूंका

जोहार छत्तीसगढ़–धरमजयगढ़।



आगामी महीनों में देश के कई राज्यों में विधानसभा चुनाव होने हैं। जिसमें छत्तीसगढ़ भी शामिल है। जहां राजनीतिक पार्टियां की चुनावी सरगर्मियां तेज हो गई है। भारतीय जनता पार्टी ने एक कदम आगे बढ़ाते हुए 21 विधानसभा के लिए प्रत्याशी की घोषणा कर दी है। जहां तेजगति से चुनाव प्रचार शुरू हो गया है। हालाकि अक्टूबर माह के प्रथम सप्ताह में आचार संहिता लगने की संभावना जताई जा रही है। जिसके बाद तो युद्ध स्तर पर प्रचार-प्रसार शुरू हो जाएगा। लेकिन भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी अभी से रातदिन पसीना बहाना शुरू कर दिए हैं। धरमजयगढ़ में विधानसभा स्तरीय चुनावी कार्यालय का शुभारंभ कर कार्यकर्ताओं ने भी चुनावी बिगुल फूंक दिया है। कार्यालय उद्घाटन के अवसर पर कार्यकर्ता भाजपा जिंदाबाद मोदी जिंदाबाद के नारे लगाते हुए जोश से भरे हुए दिखाई दे रहे थे। पुराना भारत टाकीज के पास स्थित कार्यालय में सुबह मंत्रोच्चार के साथ पूजा अर्चना की गई। वहीं मां भारती, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित उनकी स्थापना की गई। जिसके बाद पश्चिम बंगाल के भाजपा विधायक विवेकानंद बौरी एवं वरिष्ठ नेताओं के हाथों फीता काट कर कार्यालय का शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम में भाजपा प्रत्याशी हरिशचंद्र राठिया को विजयी बनाकर वर्तमान कांग्रेस की विधायक व कांग्रेस सरकार को जड़ से उखाड़ फेंकने की कार्यकर्ताओं से आह्वान किया गया। बता दें यह कार्यालय भवन जर्जर अवस्था में है लेकिन भाजपा ने उसे ही अपना कार्यालय बनाने का निर्णय लिया है। जिसके पीछे बहुत बड़ा कारण बताया जा रहा है। कांग्रेस के इस अभेद्यगढ़ को जब 2003 के चुनाव में ओमप्रकाश राठिया ने भेद कर बड़ा जीत हासिल किया था। तब इसी भवन में कार्यालय था। 2008 के चुनाव में भी इसी भवन को कार्यालय बनाया गया और भाजपा ने पुन: जीत हासिल किया। लेकिन 2013 और 2018 के विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने दूसरे स्थान पर चुनावी कार्यालय बनाया और दोनों चुनाव में भाजपा को बड़ी हार मिली। इसलिए कुछ बड़े नेता वास्तु शास्त्र के अनुसार इस कार्यालय को शुभ मानते हैं, और क्षतिग्रस्त होने के बाद भी भवन को मरम्मत एवं रंगरोगन कर कार्यालय बनाया गया है। कार्यक्रम में विधानसभा के समस्त प्रमुख पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता सम्मिलित हुए।



# धरमजयगढ़ वन विभाग में मनाया गया राष्ट्रीय वन शहीद दिवस, भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई



जोहार छत्तीसगढ़–धरमजयगढ़।

प्रदेश भर में वन विभाग द्वारा राष्ट्रीय वन शहीद दिवस के अवसर पर ड्यूटी के दौरान अपने प्राणों की आहूति देने वाले वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उन्हें याद किया गया। और उनके परिजनों को संबल प्रदान करने का संकल्प लिया। इस कड़ी में धरमजयगढ़ वन मंडल में भी शहीद रेंजर डी आर लदेर व फ़ारेस्ट गार्ड मुकेश पांडेय को भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। सोमवार को वन विभाग के आला अधिकारी व समस्त स्टाफ अंबेटिकरा में स्थापित शहीद स्मारक पहुंचे। जहां उन्होंने दोनों शहीदों की शहादत को नमन करते हुए कुछ समय तक मौन धारण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किया। बता दें कि रेंजर डी आर लदेर लैलूंगा में अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हुए शहीद हुए थे और मुकेश पांडेय ने छाल रेंज में ड्यूटी के दौरान अपने प्राणों का बलिदान दिया था। राष्ट्रीय शहीद दिवस के इस अवसर पर डीएफओ अभिषेक जोगावत, फारेस्ट एसडीओ बालगोविंद साहू सहित सभी रेंजर्स व अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# देवभोग नगर पंचायत के लिये अधिसूचना जारी सीएम ने 9 महिने में दी सौगात

## बस स्टैण्ड के लिये सरकारी जमीन नहीं कैसे होगी व्यवस्था

जोहार छत्तीसगढ़–देवभोग।




देवभोग के चार हजार लोगों ने नगर पंचायत का सपना देखा था जिसे छग की भूपेश सरकार ने पूरा कर दिखाया। बीते 5सितम्बर को सरकार ने देवभोग को नगर पंचायत बनाने अधिसूचना जारी कर दिया है। मालूम हो कि 6 दिसम्बर को प्रदेश के मुखिया देवभोग भेंट मुलाकात कार्यक्रम में पहुंचे थे। और लोगों की मंशा के अनुरूप नगर पंचायत बनाने की घोषणा किया था। जो काम रमन सरकार के समय घोषणा के बाद भी नहीं हो सका था उसे सीएम भूपेश बघेल ने महज नौ माह में ही पूरा कर दिखाया।नगर पंचायत अधिसूचना जारी होने के बाद क्षेत्र के लोगो में भारी उत्साह है। उधर सरकार के अधिसूचना जारी होने के बाद सरकारी प्रक्रिया भी प्रारंभ हो गया है। जिले के अपर कलेक्टर अविनाश भोई ने बताया अधिसूचना के 21दिन के भीतर कलेक्ट्रेट में दावा आपत्ती की एक सामान्य प्रक्रिया पूर्ण कर लिया जायेगा उसके बाद ग्राम पंचायत नगर पंचायत में तब्दील हो जायेगा।

### पंचायत में जमीन नहीं कैसे होगा बस स्टैण्ड और सप्ताहिक बाजार का व्यवस्थापन

बीते 50 सालों में पंचायत ने नगर के 32.56 हेक्टेयर सरकारी जमीन को लोगो को आबंटित कर दिया अब देवभोग नगर पंचायत बनेगा उसका अपना एक आकर्षक बस स्टैण्ड होगा। मंगलवार का सप्ताहिक बाजार भी सड़क पर लगता है।पंचायत के पास जमीन नही है बाजार और बस स्टैण्ड का व्यवस्थापन कैसे होगा।

### तीन गांव को मिलाकर बनेगा नगर पंचायत

देवभोग को नगर पंचायत बनाने के लिये मापदंड के अनुसार 6 हजार जनसंख्या होनी चाहिये जो देवभोग में 4157 है ऐसे में मुंगझर पंचायत के आश्रित गांव सोनामुंदी 365और डोहल पंचायत के आश्रीत गांव झाराबहाल के 765 जनसंख्या को मिलाकर मापदंड पूरा कर लिया गया है।ऐसे ही देवभोग मे कुल 20 वार्ड सोनामुंदी का एक और झाराबहाल के दो वार्ड को मिलाकर वार्डो का परिसिमन होगा।

### सरपंचो ने पुराना बस स्टैण्ड को भी नहीं बख्शा

कुछ साल पहले कन्या हाई स्कुल के आगे देवभोग का अपना बस स्टैण्ड हुआ करता था जहां बसे रूकती थी सरकार ने वहा भवन निर्माण भी कराया था पर रखरखाव के अभाव और आसपास के खाली जगह को आबंटित कर देने से अब वहां जगह नहीं बचा है ऐसे में नगर पंचायत के बस स्टैण्ड का क्या होगा।

### क्या स्थानीय राजनिति समीकरण बदलेगा

*अब तक ग्राम पंचायत का चुनाव लडा जाता था जो दलगत राजनिति से परे होता था अब नगरीय निकाय के चुनाव होंगे भाजपा और कांग्रेस दो पार्टीयो के बीच सीधा मुकाबला होगा ऐसे देखा जाये तो देवभोग ग्राम पंचायत में अक्सर कांग्रेस समर्थको का ही दबदबा रहा है ऐसे में नगर पंचायत बनने से कांग्रेस को अधिक फायदा मिलने वाला है। लेकिन सोनामुंदी झाराबहाल भी इसमे जुड़ रहा है जिसमे देवभोग के कुछ बस्ती के साथ भाजपा का कब्जा हो सकता है। और राजनिति समीकरण बदल सकता है। देखना होगा किसका समीकरण बन रहा है और किसका बिगड़ रहा है।*




स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in